ओएनजीसी विदेश रोवुमा लिमिटेड

ओवीआरएल
OVRL
ONGC VIDESH
ROVUMA LIMITED

प्रथम
वार्षिक रिपोर्ट
2019-20

अंतर्वस्तु

01 कंपनी सूचना

02 निदेशक मंडल

03 अध्यक्ष का अभिभाषण

04 एजीएम की सूचना

09 बोर्ड की रिपोर्ट

20 अनुलग्नक

28 निगमित अभिशासन रिपोर्ट

34 सीएजी का पत्र

36 स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट

46 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरण

कंपनी सूचना :

ओएनजीसी विदेश रोवुमा लिमिटेड
सीआईएन : यू11201डीएल2019जीओआई348673

पंजीकृत कार्यालय
प्लॉट. 5ए–5बी, नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज,
नई दिल्ली 110070, भारत
दूरभाष : 91 11 26754316
ई–मेल : secretariat@ovrl.in

निदेशक मंडल :

श्री विवेकानंद, अध्यक्ष
श्रीमती रेखा मिश्रा, निदेशक
श्री मधुकर मोहन, निदेशक

कंपनी सचिवः

श्रीमती निशा ढींगरा

सांविधिक लेखा परीक्षकः

मैसर्स के. जी. सोमानी एंड कं.
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजी. सं. 06591एन

बैंकर्स :

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

निदेशक मंडल

श्री विवेकानंद, अध्यक्ष
(15.04.2019 – 19.05.2020
11.12.2020 – आदिनांक)

श्रीमती रेखा मिश्रा
(16.03.2020 – आदिनांक)

श्री मधुकर मोहन
(11.12.2020 – आदिनांक)

पूर्व निदेशक

श्री आलोक कुमार गुप्ता
(12.03.2020 – 11.12.2020)

श्री गिरिजा शंकर चतुर्वेदी
(15.04.2019 – 19.05.2020)

श्री चांद मल जैन
(दिनांक 15.04.2019–01.02.2020)

श्री राधाकृष्णन गुहान
(01.02.2020 – 11.12.2020)

अध्यक्ष का अभिभाषण

प्रिय शेयरधारकों,

आपकी कंपनी ओएनजीसी विदेश रोवुमा लिमिटेड (ओवीआरएल) को 15 अप्रैल, 2019 को ओएनजीसी विदेश लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी के रूप में अधिनिगमित किया गया था, जिसका उद्देश्य रोवुमा ब्लॉक मोजाम्बिक परियोजना एरिया 1 में एलएनजी परियोजना अपतट का विकास कर 64 ट्रिलियन घन फीट दोहन योग्य प्राकृतिक गैस संसाधनों का विमुद्रीकरण करना था। ओएनजीसी विदेश द्वारा 01 जनवरी 2020 से 10 प्रतिशत प्रतिभागिता अधिकार इस कंपनी को हस्तांतरित कर दिया गया था।

एरिया 1 में पांच खोज क्षेत्र (क्षेत्र) हैं, नामतः प्रोस्परिडैड, गोल्फिन्हो–अटुम, ओर्का, टुबाराओ और ट्यूबरो–टाइग्रे। प्रमुख गैस संसाधन दो क्षेत्रों में स्थित हैं अर्थात् प्रोस्पेरिड और गोल्फिन्हो–अटुम। जून 2019 में अंतिम निवेश निर्णय (एफआईडी) की घोषणा के बाद, एरिया 1 कंसोर्टियम वर्तमान में दो ट्रेन जिनकी क्षमता 13.12 एमएमटीपीए है, की एलएनजी सुविधा के निर्माण के माध्यम से अपतटीय ब्लॉक में गोलफिन्हो–अटुम क्षेत्र की प्रारंभिक विकास योजना को क्रियान्वित कर रहा है। प्रारंभिक दो ट्रेन एलएनजी परियोजना से प्रथम एलएनजी वर्ष 2024 में अपेक्षित है।

प्रिय शेयरधारकों, वर्ष 2020 अप्रत्याशित कोविड –19 स्थिति और इसके साथ आए विभिन्न प्रतिबंधों के कारण अवशवर्ती/अशांत वर्ष रहा है, परंतु इसने आपकी कंपनी की भावना को बाधित नहीं किया है। हम अपनी योजनाओं पर फिर से जोर दे रहे हैं और निर्धारित समय–सीमा के भीतर परियोजना को पूरा करने के लिए अतिरिक्त प्रयास कर रहें हैं।

इस परियोजना ने कई कोविड–19 मामलों, चाहे वह परियोजना स्थल पर हो या उससे संबंधित हो, मोजाम्बिक स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ मिलकर इसके प्रबंधन पर काम किया। हम वर्तमान में वर्ष 2024 में प्रथम एलएनजी देने के लिए बिल्कुल सही दिषा में जा रहें हैं, हालांकि हम महामारी द्वारा विश्व स्तर पर पैदा हुई कठिनाईयों और आगे आने वाली चुनौतियों को स्वीकार करते हैं।

निदेशक मंडल की ओर से, मैं ओवीआरएल की नियंत्रक कंपनी ओएनजीसी विदेश लिमिटेड द्वारा ओवीआरएल को दिए गए मूल्यवान मार्गदर्शन और समर्थन के लिए आभार प्रकट करना चाहता हूं। आपकी कंपनी भी इसके सभी हितधारकों के लिए प्रशंसा की अपनी गहरी भावना का उल्लेख करना चाहती है।

हम अपनी सफलता और गति को बनाए रखने / प्राप्त करने के दृढ़ संकल्प के साथ आने वाले कुछ वर्षों में उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।

22.12.2020
नई दिल्ली

हस्ताक्षर
(विवेकानंद)
अध्यक्ष

प्रथम वार्षिक आम बैठक की सूचना

ओएनजीसी विदेश रोवुमा लिमिटेड
सीआईएन : यू11201डीएल2019जीओआई348673
पंजी. कार्यालय : प्लॉट सं. 5ए–5बी, नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज, दक्षिण पष्चिम दिल्ली–110070
ई–मेल : secretariat@ovrl.in दूरभाष : 011 – 2675 4316

सूचना

एतद्द्वारा **सूचित** किया जाता है कि ओएनजीसी विदेश रोवुमा लिमिटेड (ओवीआरएल) के सदस्यों की **प्रथम वार्षिक आम बैठक** का आयोजन **29 दिसंबर 2020 को मंगलवार के दिन प्रातः 11:00 बजे प्लॉट सं. 5ए–5बी, नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज, नई दिल्ली – 110 070** स्थित पंजीकृत कार्यालय में निम्नलिखित कार्यवाही संपादित करने हेतु आयोजित किया जाएगा :

सामान्य कार्यवाही :

मद सं. 1

निम्नलिखित संकल्प को एक सामान्य संकल्प के रूप में पारित कर संबंधित दस्तावेजों के साथ अंकेक्षित वित्तीय विवरणों पर विचार करना और इसका अंगीकरण करना :

''यह संकल्प किया जाता है कि 31 मार्च 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के अंकेक्षित वित्तीय विवरणों को, बोर्ड रिपोर्ट और लेखा परीक्षक की रिपोर्ट एतद्द्वारा प्राप्त किया जाए, विचार किया जाए तथा अंगीकृत किया जाए और उन्हें एतद्द्वारा प्राप्त किया जाता है, उन पर विचार किया जाता है तथा अंगीकृत किया जाता है।''

मद सं. 2

निम्नलिखित संकल्प को एक सामान्य संकल्प के रूप में पारित कर लेखा परीक्षकों का पारिश्रमिक निर्धारण करना:

यह संकल्प किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू उपबंधों के अनुसार, कंपनी के लेखा परीक्षकों को, जो भारत के नियंत्रक और महा लेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त किए जाएं, वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए संदेय पारिश्रमिक का निर्णय करने तथा उसे निर्धारण करने हेतु कंपनी के निदेशक बोर्ड को प्राधिकृत करने के संबंध में सदस्यों का अनुमोदन प्रदान किया जाए और एतद्द्वारा प्रदान किया जाता है।''

विशेष कार्यवाही:

मद सं. 3

सामान्य संकल्प के रूप में निम्नलिखित संकल्प को अंगीकृत करके श्रीमती रेखा मिश्रा की निदेशक के रूप में नियुक्ति :

''यह संकल्प किया जाता है कि श्रीमती रेखा मिश्रा (डीआईएन 08725208) को, जिन्हें कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 161 के अनुसार दिनांक 16.03.2020 से कंपनी के अपर निदेशक के रूप में पदाभिहित किया गया था, जिनके संबंध में कंपनी को निदेशक पद के लिए लिखित में उनके नाम का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 152(2) के अनुसार कंपनी के निदेशक के रूप में नियुक्त किया जाए और एतद्वारा नियुक्त किया जाता है जो चक्रानुक्रम के आधार पर सेवानिवृत्त हो सकेंगे।''

मद सं. 4

सामान्य संकल्प के रूप में निम्नलिखित संकल्प को अंगीकृत करके श्री विवेकानंद की निदेशक के रूप में नियुक्ति :

''यह संकल्प किया जाता है कि श्री विवेकानंद (डीआईएन 07566552) को, जिन्हें कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 161 के अनुसार दिनांक 11.12.2020 से कंपनी के अपर निदेशक के रूप में पदाभिहित किया गया था, जिनके संबंध में कंपनी को निदेशक पद के लिए लिखित में उनके नाम का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 152(2) के अनुसार कंपनी के निदेशक के रूप में नियुक्त किया जाए और एतद्वारा नियुक्त किया जाता है जो चक्रानुक्रम के आधार पर सेवानिवृत्त हो सकेंगे।''

मद सं. 5

सामान्य संकल्प के रूप में निम्नलिखित संकल्प को अंगीकृत करके श्री मधुकर मोहन की निदेशक के रूप में नियुक्ति :

''यह संकल्प किया जाता है कि श्री मधुकर मोहन (डीआईएन 08993015) को, जिन्हें कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 161 के अनुसार दिनांक 11.12.2020 से कंपनी के अपर निदेशक के रूप में पदाभिहित किया गया था, जिनके संबंध में कंपनी को निदेशक पद के लिए लिखित में उनके नाम का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 152(2) के अनुसार कंपनी के निदेशक के रूप में नियुक्त किया जाए और एतद्वारा नियुक्त किया जाता है जो चक्रानुक्रम के आधार पर सेवानिवृत्त हो सकेंगे।''

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
हस्ताक्षर
निशा ढींगरा
कंपनी सचिव

22 दिसंबर 2020
नई दिल्ली

टिप्पणः

1. बैठक में उपस्थित तथा मतदान करने के लिए हकदार सदस्य अपने स्वयं के स्थान पर उपस्थित होने तथा मतदान करने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 105 के अनुसरण में, परोक्षी को नियुक्त करने का हकदार है और परोक्षी का कंपनी का सदस्य होना आवश्यक नहीं है। सम्यक रूप से भरा हुआ परोक्षी प्ररूप अधिवेशन के प्रारंभ होने से अड़तालीस घंटे (48 घंटे) से पहले कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में जमा हो जाना चाहिए।
2. उपर यथा उपवर्णित सभी विशेष कार्य मदों की बाबत कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 के अनुसरण में, सुसंगत स्पष्टीकारक विवरण उपाबद्ध है।
3. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 113 के अनुसरण में इस बैठक में भाग लेने के लिए अपने प्रतिनिधि अधिकृत करने के इच्छुक कॉरपोरेट सदस्यों से इस बैठक में उनकी ओर से भाग लेने और मत डालने के लिए ऐसे प्रतिनिधियों के नमूना हस्ताक्षर(रों) के साथ प्रासंगिक बोर्ड प्रस्ताव की प्रमाणित प्रतिलिपि प्रस्तुत करने का अनुरोध किया जाता है।
4. वार्षिक आम बैठक में विचार किए जाने वाली किसी कार्यवाही मद के संबंध में कोई सूचना/स्पष्टीकरण प्राप्त करने के इच्छुक सदस्यों से मबतमजंतपंज/वअतसण्पद पर मेल भेजने का अनुरोध किया जाता है।
5. मार्ग मानचित्र सहित एजीएम के स्थान का संपूर्ण विवरण वार्षिक रिपोर्ट में दिया गया है।
6. संलग्न सूचना में उल्लिखित प्रासंगिक दस्तावेज इस बैठक की तिथि तक सभी कार्य दिवसों को कारोबार समय के दौरान कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में सदस्यों के निरीक्षण हेतु रखे रहेंगे।
7. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 170 और 189 के अंतर्गत अनुरक्षित सांविधिक रजिस्टर कारोबार समय के दौरान निरीक्षण के लिए रखे हैं और यह एजीएम के स्थान पर भी उपलब्ध रहेंगो।
8. इस अधिनियम की धारा 139 सह पठित धारा 142 के अनुसरण में, कंपनी के लेखा परीक्षक भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक द्वारा नियुक्त किए जाते हैं। तथापि, लेखा परीक्षकों के पारिश्रमिक कंपनी द्वारा निर्धारित किए जाएंगे। सदस्य सांविधिक अपेक्षाओं / कार्य के परिमाण / मुद्रास्फिति सूचकांक के कारण समनुदेशन के दायरे में परिवर्तन(नों), यदि कोई हो, पर विचार करने के उपरांत वर्ष 2020–:21 (वित्तीय वर्ष 21) के लिए लेखा परीक्षकों को संदेय उपयुक्त पारिश्रमिक निर्धारित करने और नियत करने के लिए बोर्ड को अधिकृत कर सकते हैं।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 के अनुसरण में स्पष्टीकारक कथन

निम्नलिखित कथन संलग्न नोटिस में यथा सूचीबद्ध विशेष कार्यवाही से संबंधित सभी सारवान् तथ्य उपवर्णित करते हैं :

मद सं. 3,4 एवं 5 : निदेशकों की नियुक्ति

श्रीमती रेखा मिश्रा, ईडी–एचपीएफ–मोज ओएनजीसी विदेश, 16 मार्च 2020 से ओवीआरएल के बोर्ड में अपर निदेशक के रूप में नियुक्त की गयीं थी और सर्वश्री विवेकानंद – निदेशक (वित्त) – ओएनजीसी विदेश और मधुकर मोहन – आरपी–मोज ओएनजीसी विदेश, 11 दिसंबर 2020 से ओवीआरएल के बोर्ड में अपर निदेशक नियुक्त किए गए थे।

कंपनी अधिनियम की धारा 161 के अनुसार, उन्हें आपकी कंपनी के निदेशक के रूप में कंपनी की प्रथम एजीएम की तिथि तक पद धारित करने के लिए नियुक्त किए गए हैं।

इसके अलावा, कंपनी अधिनियम की धारा 152(2) उपबंधित करता है कि प्रत्येक निदेशक कंपनी द्वारा साधारण बैठक में नियुक्त किए जाएंगे। इसलिए, उनमें से प्रत्येक के लिए आवश्यक कार्यवाही मदें क्रमशः मद सं. 3, 4 एवं 5 में रखे गए हैं।

कंपनी को सभी संबंधित निदेशक से संबंधित आवश्यक सूचना प्राप्त हो गए हैं जिनमें कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 160 के अनुसार उनकी उम्मीदवारी का प्रस्ताव किया गया है।

श्रीमती रेखा मिश्रा, श्री विवेकानंद और श्री मधुकर मोहन के पास, न ही उनकी व्यक्तिगत क्षमता में या उनके संबंधित कुटुंबों के साथ उनके पास कंपनी की कुल मत अधिकार का दो प्रतिशत या उससे अधिक मत अधिकार नहीं है।

संक्षिप्त विवरण

श्रीमती रेखा मिश्रा

श्रीमती रेखा मिश्रा दिल्ली विश्वविद्यालय से वाणिज्य में स्नातकोत्तर हैं और वे एक लागत लेखाकार हैं। वित्त एवं लेखा पेशेवर के रूप में ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी) में 35 वर्ष से अधिक सेवा के दौरान, उन्होंने सरकारी अनुमोदन की आवश्यकता वाले निवेश प्रस्ताव तैयार करना, कॉरपोरेट स्तर पर संविदा प्रबंधन, संयुक्त उद्यम (घरेलू और विदेशी) प्रचालन और प्रबंधन, कॉरपोरेट लेखा एवं लेखा परीक्षा और परियोजना निगरानी सहित विभिन्न भूमिकाओं काम किया है। वे वर्तमान में ओएनजीसी विदेश लिमिटेड में तैनात हैं। वे ओएनजीसी पेट्रो एडिशंस के बोर्ड में भी एक निदेशक हैं।

श्री विवेकानंद

श्री विवेकानंद एक लागत एवं प्रबंधन लेखाकार, वित्त में एमबीए और दिल्ली विश्वविद्यालय वाणिज्य में स्नातकोत्तर डिग्री और कोष एवं विदेशी मुद्रा प्रबंधन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा धारित करते हैं।

श्री विवेकानंद के पास राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों प्रचालनों में अपस्ट्रीम तेल और गैस उद्योग में वित्त और लेखांकन पेशेवर के रूप में 35 वर्षों से अधिक का अनुभव है। वे वर्ष 1984 में स्नातक प्रशिक्षु के रूप में ओएनजीसी में शामिल हुए और वित्त एवं लेखांकन गतिविधियों के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य किया। उन्होंने कोष, कराधान, जोखिम प्रबंधन, कारोबार विकास, विदेशी परियोजनाओं और विभिन्न अन्य कॉरपोरेट प्रकार्यों जैसे बजटीकरण, लेखांकन, आंतरिक लेखा परीक्षा, विपणन इत्यादि से संबंधित मुख्य वित्तीय समनुदेशनों को संभाला। श्री विवेकानंद ने एक प्रणालीगत दृष्टिकोण के माध्यम से कंपनी की कारोबार प्रक्रियाओं और प्रणालियों को मजबूत बनाने के लिए भी कार्य किया। उन्होंने पिछले 3 से 4 वर्षों में करीब 6 बिलियन अमेरिकी डॉलर का वित्तपोषण जुटाने के वित्तीय अभियानों में भी मुख्य भूमिकाएं निभायीं। श्री विवेकानदं ने विभिन्न नेतृत्व और वित्तीय प्रबंधन कार्यक्रमों में भी प्रतिभागिता की।

श्री मधुकर मोहन

श्री मधुकर मोहन, मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन) वर्तमान में ओएनजीस विदेश लिमिटेड, दिल्ली में मोजांबिक बिजनेस यूनिट के रिजनल प्रेसिडेंट के रूप में नियुक्त हैं। वे यांत्रिक अभियांत्रिक स्नातक हैं और साथ ही प्रचालन प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ एमबीए डिग्री धारित करते हैं। वे पीएमआई, यूएसए से एक प्रमाणित परियोजना प्रबंधन पेशेवर हैं। उन्होंने एईई (उत्पादन) के रूप में ओएनजीसी में शामिल हुए और विभिन्न अभितटीय परिसंपत्तियों और साथ ही अपतट के डब्ल्यूआईएस/बीएचएस प्लेटफॉर्म पर भी अपनी सेवाएं दी है। उन्होंने जून, 2016 से सितंबर, 2019 तक सीबीएम परिसंपत्ति, बोकारों के सतह प्रबंधक के रूप में सेवा की है और सीबीएम गैस की वाणिज्यिक बिक्री शुरू करने में सक्रिय रहे हैं। ओएनजीसी के तेल एवं गैस क्षेत्रों में इकतीस वर्षो से अधिक के समृद्ध अनुभव के साथ उनके पास तेल क्षेत्र प्रचालनों और इसके प्रबंधन पहलूओं की बहुत अच्छी समझ है।

निदेशक के रूप में उनकी क्षमता में श्रीमती रेखा मिश्रा, श्री विवेकानंद और श्री मधुकर मोहने के सिवाय, निदेशकों में से कोई भी निदेशक या उनके नातेदार, वित्तीय रूप से या अन्यथा, इस संकल्प में हितबद्ध नहीं हैं या इसमें कोई सरोकार नहीं रखते हैं।

श्रीमती रेखा मिश्रा, श्री विवेकानंद और श्री मधुकर मोहन की पृष्ठभूमि और अनुभव के आलोक में निदेशक मंडल यह मानता है कि कंपनी के निदेशक के रूप में उनको नियुक्त करना कंपनी के हित में होगा।

बोर्ड सदस्यों के अनुमोदनार्थ इन संकल्पों की संस्तुति करता है।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
हस्ताक्षर
निशा ढींगरा
कंपनी सचिव

22 दिसंबर 2020
नई दिल्ली

एजीएम स्थल का मार्ग मानचित्र

बोर्ड की रिपोर्ट

प्रिय सदस्यगण,

आपकी कंपनी के निदेशक मंडल की ओर से ओएनजीसी विदेश रोवुमा लिमिटेड (ओवीआरएल/कंपनी) की वित्तीय और प्रचालनात्मक प्रदर्शन पर प्रथम वार्षिक रिपोर्ट और लेखा परीक्षक की रिपोर्ट के साथ 31 मार्च, 2020 को समाप्त अवधि के अंकेक्षित वित्तीय विवरण प्रस्तुत करते हुए मुझे अपार खुशी महसूस हो रही है।

1.निगमन और व्यापार गतिविधियों की शुरूआत :

आपकी कंपनी को ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओएनजीसी विदेश) द्वारा 15 अप्रैल, 2019 को एक पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी के रूप में गठित और कॉरपोरेट पहचान संख्या यू11201डीएल2019जीओआई348673 के तहत कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय के अधीन कंपनी के रजिस्ट्रार के माध्यम से भारत सरकार में अधिनिगमित किया गया था। इस कंपनी का मुख्य उद्देश्य ओएनजीसी द्वारा धारित 10 प्रतिशत प्रतिभागिता अधिकार (पीआई) को अधिग्रहित और धारित करना और अपतटीय रोवुमा बेसिन में एरिया–1 ब्लॉक के लिए मोजांबिक गणराज्य सरकार के साथ हस्ताक्षरित मौजूदा ईपीसीसी (अन्वेषण और उत्पादन रियायत संविदा) व्यवस्था के अंतर्गत गैस का अन्वेषण और उत्पादन करना है। 18 जून 2019 को, कंपनी ने कारोबार शुरू करने के लिए कंपनी रजिस्ट्रार में आवश्यक दस्तावेज दाखिल किए। उक्त 10 प्रतिशत पीआई का अधिग्रहण 01 जनवरी 2020 को किया गया था।

यह वित्तीय विवरण 15 अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2020 तक की अवधि के लिए तैयार किया गया था और इसकी लेखा परीक्षा से संबंधित रिपोर्ट भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक (सीएजी) को पूरक लेखा परीक्षा, यदि वे चाहते हों, हेतु प्रस्तुत किया गया था। तथापि, सीएजी ने पूरक लेखा परीक्षा नहीं करने का फैसला किया।

2. वित्तीय प्रदर्शन :

उक्त अवधि के लिए कंपनी के सारब0 वित्तीय परिणाम नीचे दिए गए हैं :

(मिलियन रुपये में)

विवरण	**31 मार्च 2020 को समाप्त अवधि के लिए**
प्रचालनों से राजस्व	शून्य
अन्य आय	शून्य
कुल व्यय	(8.18)
अपवादात्मक (आय)/व्यय	8008.73
कर और पूर्ववर्ती अवधि समायोजन पूर्व लाभ/(हानि)	(8,016.91)
कर पूर्व लाभ/(हानि)	(8,016.91)
आस्थगित कर आय सहित कर व्यय	(109.52)
अवधि का लाभ/(हानि)	(7,907.39)
अन्य व्यापक आय /(व्यय), कर के निवल	(121.02)
अवधि की कुल व्यापक आय /(व्यय)	**(8028.41)**
प्रति शेयर आय (भारतीय रुपये)	**(7907.39)**
निवल मूल्य	**(1030.35)**

3. परियोजना विवरण, भावी दृष्टिकोण और पहलू :

क. परियोजना की प्रस्तावना : –

ब्लॉक एरिया –1 ऑफशोर मोजाम्बिक ('एरिया –1') रोवुमा बेसिन का हिस्सा है जो मोजाम्बिक के उत्तरी भाग में स्थित है और 80,000 वर्ग किमी में फैले तंजानिया–मोजाम्बिक तटीय बेसिन का हिस्सा है।

यह ब्लॉक दिसंबर, 2006 में अधिनिर्णीत किया गया था और अपतटीय मोजाम्बिक रोवुमा बेसिन के सुदूर उत्तरी भाग में तटीय रेखाओं के बीच अवस्थित है और करीब 2400 बाथीमीटर के क्षेत्र को इस ईपीसीसी के तहत विकसित किया जा रहा जो जनवरी, 2007 में प्रभावी हुआ था। एक अंतर्राष्ट्रीय तेल ओर गैस कंगलोमेरट टोटल का विशेष प्रयोजन माध्यम – टोटल ई एंड पी मोजांबिक एरिया 1 लिमिटाडा का प्रचालक है।

ख. अनुमोदन और अधिग्रहण : –

ओएनजीसी विदेश ने 28 फरवरी, 2014 को 2,640 मिलियन अमेरिकी डॉलर पर अंडार्को मोजांबिक एरिया 1 लिमिटाडा से 10 प्रतिशत पीआई का अधिग्रहण किया था। 4480 मिलियन अमेरिकी डॉलर के लिए मौजूदा भारत सरकार के निवेश अनुमोदन के अतिरिक्त कैश सिंक आधार पर 217 मिलियन अमेरिकी डॉलर का अतिरिक्त निवेश करने के लिए भारत सरकार से और अनुमोदन प्राप्त किया गया था।

इसके अलावा, ओएनजीसी विदेश 'ब्यास रोवुमा एनर्जी मोजाम्बिक लिमिटेड' में अपनी 60 प्रतिशत हिस्सेदारी के जरिए और 6 प्रतिशत पीआई धारित करता है, जो परियोजना में 10 प्रतिशत पीआई धारित करता है और शेष 40 प्रतिशत शेयर धारित आयल इंडिया लिमिटेड ("ओआईएल") के पास है।

अपने कॉर्पोरेट उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए, ओएनजीसी विदेश ने एरिया –1 में 10 प्रतिशत पीआई को हस्तांतरित कर अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी ओवीआरएल का गठन किया है और इस अनुषंगी कंपनी के माध्यम से प्रचालन कर रहा है ।

01 जनवरी, 2020 से प्रत्यक्षतः धारित 10 प्रतिशत पीआई को ओएनजीसी विदेश से ओवीआरएल को हस्तांतरित कर दिया गया है।

ग. कंसोर्टियम साझीदार

आपकी कंपनी एरिया–1 में 10 प्रतिशत पीआई धारित करती है और वर्तमान में अन्य कंसोर्टियम साझीदार निम्नानुसार हैं :

- टोटल ई एंड पी मोजांबिक एरिया 1, लिमिटाडा (टीईएमपीए1) : 26.5 प्रतिशत (ऑपरेटर)
- मित्सुई ई एंड पी मोजाम्बिक एरिया 1 लिमिटेड (मित्सुई) : 20 प्रतिशत
- बीपीआरएल वेंचर्स मोजांबिक बी.वी. (बीपीआरएल) : 10 प्रतिशत
- पीटीटीपीईपी मोजाम्बिक एरिया 1 लिमिटेड (पीटीटीपीईपी) : 8.5 प्रतिशत
- ब्यास रोवुमा एनर्जी मोजाम्बिक लिमिटेड (बीआरईएमएल)+ : 10 प्रतिशत
- ईएनएच रोवुमा एरिया यूएम, एस.ए. (ईएनएच) : 15 प्रतिशत

+ओएनजीसी विदेश और ओआईएल द्वारा क्रमशः 60:40 के अनुपात में संयुक्त स्वामित्व

क. परियोजना दृष्टिकोण

- **अद्यस्तल :**

दो प्रमुख फील्ड / परिसर – गोल्फिनो अटुम और प्रोस्पेरिडैड के अंतर्गत ओलिगोसीन, इयोसीन, पैलियोशीन और क्रीटेशस कुंडों में अन्वेषणात्मक और मूल्यांकन वेधन द्वारा बहुत बड़ी मात्रा में गैस के कुंड स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा, ओर्का, टुबाराओ और टुबाराओ–तिग्रे क्षेत्रों में भी गैस की खोज की गयी है। एरिया 1 में औसत दोहन योग्य अनुमानित गैस 64 टीसीएफ है। वर्तमान योजना गोल्फिनहो–अटुम क्षेत्र से 6.56 एमएमटीपीए प्रत्येक के 13.12 एमएमटीपीए दो ट्रेन एलएनजी संयंत्र स्थापित करके खोजे गए गैस संसाधनों को विकसित करना है।

एरिया –1 के दो मुख्य क्षेत्रों / परिसरों के बारे में संक्षिप्त जानकारी नीचे दी गई है :

- **प्रोस्पेरिडैड क्षेत्र**

प्रोस्पेरिडैड क्षेत्र मोजाम्बिक एरिया –1 और मोजाम्बिक एरिया–4 में स्थित मोजाम्बिक और तंजानिया सीमा से लगभग 70 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है। यह 1400 मीटर से 2000 मीटर तक की जल गहराई में अवस्थित है।



चित्र 1 गोल्फिन्हो–अटुम फील्ड अवस्थिति

प्रोस्पेरिडैड खोज विंडजाममेर, बार्कैंटाइन, लागोस्टा और कैमाराओ संभावनाओं का एक समामेलन है और अपतटीय एरिया –1 की पूर्वी सीमा से अपतटीय एरिया–4 तक फैली हुई है। प्राथमिक कुंड ओलिगोसीन युग के दो स्टैक गहरे पानी फैन हैं, जिन्हें कॉम्प्लेक्स के दक्षिणी भाग में छोटे ईओसिन और पैलोसिन फैन्स के अलावा ओलीगोसिन फैन 1–2 कहा जाता है।

- **गोल्फिन्हो–अटुम फील्ड**

गोल्फिन्हो–अटुम गैस फील्ड प्रोस्पेरिडैड परिसर से उत्तर मोजाम्बिक एरिया–1 अपतट के भीतर स्थित है। यह 500 मीटर से 1300 मीटर से अधिक की जल गहराई में अवस्थित है।

जैसा प्रोस्पेरिडैड में है, गोल्फिनहो–अटुम में दो ओलिगोसिन कुंड हैं, और इन्हें ओलिगोसीन फैन –1 और ओलिगोसीन फैन –2 के रूप में जाना जाता है; हालांकि, गोल्फिनहो–अटूम फैन्स एक अधिक चैनलीकृत चरित्र है, जिसका तात्पर्य है कि प्रोस्पेरिडैड में देखी गई उत्कृष्ट कनेक्टिविटी कहीं और देखा नहीं जा सकता है।

- **वेधन और समापन**

एरिया – 1 रियायतें वेधन और समापन के चरणबद्ध कार्यक्रम में गोल्फिन्हो–अटुम फील्ड का विकास करेगी। गोल्फिन्हो–अटुम फील्ड के विकास में ऊर्ध्वाधर और कोणीय कुओं दोनों का उपयोग किया जाएगा। वेधन और समापन योजना को एक एकल रिग (50 दिन / कुआं के रूप में योजनाबद्ध) का उपयोग करके निष्पादित किया जाएगा। प्राथमिक डिजाइन आधार अवधारणाएं इस प्रकार हैं:

- ❖ सभी उत्पादकों को समुद्रमग्न कुओं के रूप में पूरा किया जाएगा।
- ❖ 7" उत्पादन टयूबिंग 200 एमएमएससीएफडी / कुआं तक की उत्पादन दरों को हासिल कर सकेगा।
- ❖ 30 वर्ष कुएं की उपयोगिता अवधि।
- ❖ प्रति कुआं एकल क्षेत्र समापन।
- ❖ कोई योजित पुनर्समापन नहीं।
- ❖ डाउन होल दवाब और तापमान निगरानी।
- ❖ सभी नये वेधिक विकास कुओं के लिए रेत नियंत्रण नियोजित किया जाएगा।

एरिया–1 संसाधनों का प्रारंभिक विकास गोल्फिनहो – अटुम फील्ड के भीतर होगा जिसमें 18 कुऐं – 15 कुएं नए होंगे और 3 मौजूदा मूल्यांकन कुओं में 3 पुनः प्रवेश होगा। इन 18 कुओं में से, वर्ष 2021 के दौरान वेधन के लिए 4 कुओं को वर्ष 2021 में वेधित किए जाने का अनुमान लगाया गया है, वर्ष 2022 में 7 कुओं को और वर्ष 2023 के लिए 7 कुओं को वेधित किए जाने का अनुमान लगाया गया है। वर्तमान योजना के अनुसार वेधन 01 अक्तूबर 2021 (प्रथम वेल स्पड) को शुरू होगा और 02 मई 2024 को पूरा होगा (18 वां कुआं समापन); 18 कुएं – 31 माह, औसतन 6.97 कुएं प्रति वर्ष, औसत 1.74 कुएं प्रति तिमाही। प्रथम कुएं के वेधन से पहले एक वर्ष की समय अवधि आवश्यक तैयारी करने में लंबे समय में खरीद संपन्न होने वाली खरीदों में लगने का अनुमान लगाया गया है।

- **अपतटीय विकास**

समुद्रमग्न प्रणाली एक अपतटीय समुद्रमग्न अवसंरचना है और संग्रहण प्रणाली है जो अपतटीय कुओं से एलएनजी सुविधा को हाइड्रोकार्बन पहुँचाएगी। जलमग्न प्रणाली में समुद्रमग्न पेड़, जंपर्स और फ्लाइंग लीड्स जो प्रत्येक कुआं को इन–फील्ड गैस संग्रहण लाइनों को बांधने के लिए आवश्यक है, पाइपलाइन इंड मेनिफोल्ड, पाइपलाइन इंड टर्मिनेशन संग्रहण लाइनें, मुख्य ट्रंक लाइनें, नियंत्रण प्रणालियां, रसायन वितरण उपकरण, एक सर्विस लाइन, और मड मैट्स शामिल हैं। प्रचालक रणनीतिक रूप से कुओं को जोड़ने के लिए संग्रहण मेनिफोल्ड के साथ एक 'डेजी श्रृंखला' जलमग्न ले–आउट का उपयोग करेगा, जो भावी विस्तार की अनुमति देगा। यदि भविष्य में अपतटीय संपीडन वांछित होता है तो ऐसे लचीलेपन अनुमत करने के लिए अपतटीय अवसंरचना डिजाइन में रणनीतिक जोड़ बिन्दु शामिल होंगे।

कुओं से उत्पादित प्राकृतिक गैस को आंशिक रूप से क्लेडेड रिजिड फ्लोलाइन और फ्लेक्सिबल या रिजिड फ्लो लाइन जंपर्स द्वारा संग्रहण मैनिफोल्ड तक पहुँचाया जाएगा। संग्रहण मैनिफोल्ड कुओं को एक साझे 16 इंच हैडर में सहमिश्रित करता है। बाद में गैस को बहु–चरण 22 इंच ट्रंक लाइनों के माध्यम से तट तक पहुँचाया जाता है।

समुद्रमग्न नियंत्रण प्रणाली को एलएनजी सुविधा नियंत्रण प्रणाली के साथ एकीकृत किया जाएगा, और ट्रीज और मैनिफोल्ड पर समुद्रमग्न नियंत्रण पुर्जों इलेक्ट्रो–हाइड्रोलिक अंबिलिकल और वितरण उपकरण के माध्यम से जोड़ा जाएगा। यह अंबिलिकल उत्पादन सुगम करने के लिए विद्युत शक्ति, संचार, हाइड्रोलिक फ्लूइड, और रसायन प्रदान करेगा। आवश्यक क्षमता के लिए दो स्वतंत्र अंबिलिकल प्रणालियां उपलब्ध करायी जाएंगी।



चित्र 2 गैस प्रसंस्करण और द्रवीकरण सुविधाएं – सरलीकृत ब्लॉक आरेख

- **अभितट विकास**

अभितट, इसके दायरे में एलएनजी संयंत्र सहित एकीकृत एलएनजी सुविधा का निर्माण शामिल है और साझी सुविधाएं, उत्तरी मोजांबिक में कैबो डेलिगेडो प्रांत में अफुनगी प्रायद्वीप पर एरिया–4 के साथ साझा किया जाएगा। एलएनजी संयंत्र द्रवीकृत प्राकृतिक गैस के द्रवीकरण, भंडारण, और और संबंद्ध कंडेसेंट निर्यात के लिए दो ट्रेन, 13.12 एमटीपीए सुविधा होगी।

समुद्रमग्न प्रणाली से आपूर्ति की गयी प्राकृतिक गैस को परियोजना स्थल पर प्रसंस्करण के लिए प्राप्त किया जाएगा। प्रि–ट्रिटमेंट के बाद, ज्यादातर प्राकृतिक गैस को एलएनजी के रूप में बिक्री के लिए द्रवीकृत किया जाएगा, जबकि एक छोटा हिस्सा घरेलू बाजार में बेची जाएगी। एलएनजी का उत्पादन एक मानक एलएनजी प्रक्रिया का अनुपालन करता है जिसका क्रम गैस इनलेट प्राप्ति, खट्टी गैस निष्कर्षण, डिहाइड्रेशन, भारी गैस अंश का निष्कर्षण, द्रवीकरण, भंडारण, और ऑफलोडिंग है। एलएनजी प्रक्रिया और संबंधित गैस प्रसंस्करण एपीसी1सी3 एमआर प्रौद्योगिकी अपनाता है।



चित्र 3. साझे हित क्षेत्रों के साथ परियोजना खाका

अभितटीय सुविधा एक दूरस्थ, पर्यावरणीय रूप से संवेदनशील स्थान पर है जहॉ बुनियादी ढांचे का अभाव है। निर्माण और प्रचालन के लिए सभी आवश्यक बुनियादी ढाँचे (जैसे, हवाई पट्टी, सड़क, आवास, और सहायक सेवा जिसमें सुविधा ऑफलोडिंग सुविधा और एलएनजी एवं कंडेसेंट निर्यात जेट्टी शामिल है) परियोजना के दायरे में शामिल है।

'अफुंगी प्रोजेक्ट साइट' नामक के नाम से अफुंगी प्रायद्वीप पर लगभग 7,000 हेक्टेयर भूमि एक एलएनजी पार्क के लिए आवंटित की गई है, जहां यह परियोजना स्थित है। डीयूएटी (भूमि उपयोग अधिकार) के अंतर्गत सरकार द्वारा भूमि उपयोग संस्वीकृत किया गया था। टीईपीएम1, ईएनएच और एरिया – 4 प्रचालक में से प्रत्येक का इस कंपनी (रोवुमा बेसिन एलएनजी लैंड, लिमिटाडा) में एक तिहाई हिस्सा है जो डीयूएटी के अनुसरण में प्रदत्त भूमि उपयोग अधिकार धारित करते हैं। साझा क्षेत्रों को दर्शाने वाला एक प्रोजेक्ट खाका नीचे दिखाया गया है।

इस परियोजना के दायरे में एलएनजी विपणन, बिक्री और पोत–परिवहन के साथ–साथ परियोजना वित्त भी शामिल हैं। विपणन दायरे में मुख्य रूप से इस परियोजना को विकसित करने के लिए आवश्यक पूंजी निवेश को कम करने के लिए वित्तीय बिक्री और खरीद समझौतों (एसपीए) को हासिल करना और निष्पादित करना शामिल है। इसके अलावा परियोजना के दायरे में अनुभवी जहाज मालिकों / ऑपरेटरों के साथ दीर्घकालिक चार्टर के तहत चार्टरिंग जहाजों पर आधारित समग्र पोत परिवहन रणनीति का विकास और निष्पादन भी शामिल है। सभी एलएनजी बिक्री के लिए पसंदीदा अनुबंध रणनीति के अनुसार, परियोजना एलएनजी वाहक (एलएनजीसी) न खरीदेगी और ना ही इसका संचालन करेगी, अपितु उन कार्गो के लिए जो 'डेलिवर्ड एक्स शिप' (डीईएस) के आधार पर बेचे जाते हैं, के लिए प्रतिष्ठित स्वामियों और ऑपरेटरों के लिए एलएनजीसी किराये पर लेगी। 12 एमएमटीपीए एलएनजी के लिए 174,000 घनमीटर (16 वाहक) के पोत आकार के 17 एलएनजी वाहक और 149,000 घन मीटर क्षमता के एक पोत की आवश्यकता होगी। एलएनजी बिक्री पोर्टफोलियो में दुनिया भर में गंतव्य लचीलेपन का एक महत्वपूर्ण स्तर मौजूद है।

दिनांक 31.03.2020 की स्थिति के अनुसार भंडार (2पी) – ओवीआरएल की पीआई के संगत 2पी भंडार 136.51 एमएमटीओई हैं।

- **प्रशासनिक विशिष्टियां**

❖ ओएनजीसी विदेश द्वारा प्रत्यक्षतः धारित 10 प्रतिशत पीआई को कंपनी को स्थानांतरित करने के लिए मोजाम्बिक सरकार (जीओएम) से अनुमोदन प्राप्त किया गया था।

❖ भारत सरकार का नकदी सिंक आधार पर 217 मिलियन मिलियन डॉलर का अतिरिक्त निवेश करने के लिए अनुमोदन और कंपनी के पक्ष मे समनुदेशित एरिया–1 परियोजना स्टैंड में 10 प्रतिशत पीआई के लिए 4480 मिलियन अमेरिकी डॉलर हेतु पूर्व में अनुमोदन प्राप्त किया गया था।

❖ मापुटो, मोजांबिक में कपनी के शाखा कार्यालय के लिए आवश्यक लाइसेंस 03 सितंबर, 2019 से प्राप्त कर लिया गया है।

❖ एरिया–1 परियोजन में ओएनजीसी विदेश द्वारा धारित पीआई के हस्तांतरण के लिए एरिया–1 ईपीसीसी के तहत यथा अपेक्षित ओएनजीसी विदेश और कंपनी के बीच आवश्यक समनुदेशन करार और कारोबार स्थानांतरण करार कर लिए गए थे। तदनुसार, एरिया–1 परियोजना में 10 प्रतिशत पीआई 01 जनवरी 2020 से कंपनी के नाम पर हस्तांतरित हो गया है।

- **परियोजना विशिष्टियां**

❖ एरिया – 1 रियायतग्राही ने प्रारंभिक दो ट्रेन गोल्फिन्हो/अटुम प्रोजेक्ट के लिए अंतिम निवेश निर्णय (एफआईडी) लिया। 18 जून 2019 को प्रारंभिक परियोजना के लिए एफआईडी की घोषणा की जिसके लिए वर्ष 2019–2024 की अवधि हेतु 15.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर के बहु–वर्षीय बजट की मंजूरी दी गयी थी।

❖ सीसीएस जेवी (सायपेम, मैकडर्मोट और चियोदा के संघ) और एमटीवी (टैकनिप और वैन ऊर्ड के संघ) के साथ क्रमशः अपतटीय निर्माण के लिए ईपीसी संविदा और अपतटीय विकास हेतु इपीसीआई संविदा की गयी थी। ईपीसीआई संविदा और ईपीसी संविदां के लिए एनटीपी क्रमशः 21 जून और 26 जुलाई, 2019 को जारी किए गए थे।

❖ तत्कालीन एरिया–1 प्रचालक की अंतिम मूल कंपनी अनाडार्को पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (एपीसी) का ओक्सिडेंटल पेट्रोलियम कॉरपोरेशन के साथ विलय हो गया। यह विलय 08 अगस्त 2019 को संपन्न हुआ। इस विलय और सितंबर, 2019 में टोटल एस.ए. को अफ्रीकी परिसंपत्तियों के बिक्री लेनदेन के समापन के अनुसरण में टोटल ने एरिया–1 प्रचालक का दायित्व ग्रहण किया।

- ❖ 11.14 एमएमटीपीए के दीर्घावधिक एलएनजी बिक्री खरीद करार (एसपीए) निष्पादित किए गए हैं।
- ❖ एरिया–1 संघ ने सिंगापुर में विक्रेता एसपीई (परियोजना की गतिविधियों से संबंधित विपणन के लिए विशेष प्रयोजन निकाय) की नियंत्रक कंपनी के रूप में 21 अप्रैल, 2019 से आबु धाबी ग्लोबल मार्केट (एडीजीएम), यूएई में मोज एलएनजी 1 नियंत्रक कंपनी को और यूएई में उधारकर्ता एसपीई को अधिनिगमित किया था। 31 मार्च 2020 तक होल्डको में धारिता ओएनजीसी विदेश के नाम थी।
- ❖ पालमा अफुंगी हाईवे सितंबर, 2019 में पूरा हो गया। साइट पर पुनर्वासन ग्राम गतिविधियां प्रगति पर हैं, हाउसहोल्ड पुनर्स्थापन का चरण 1 जनवरी, 2020 में पूरा हो गया। हवाईपट्टी का निर्माण प्रगति पर है, परीक्षण उड़ान 19 फरवरी, 2020 को किया गया। ईपीसी और ईपीसीआई / सीपीआई संविदाएं यथा नियोजित प्रगति पर हैं।

- **मुद्दे एवं चिंताएं**

- ❖ अफुंगी (परियोजना स्थल) पर कोविड –19 संकट के परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण कार्यों (समुद्री, पनुर्वासन ग्राम, सामाजिक कार्य इत्यादि) और कोविड–19 जोखिम प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित हुआ।
- ❖ उत्तरी मोजांबिक में सुरक्षा स्थिति।

- **आगे का मार्ग**

- ❖ एरिया – 1 ने प्रोजेक्ट फाइनेंस ड्राई क्लोज 15 जुलाई 2020 को हासिल किया और वेट क्लोज तिमाही – 2021 हासिल करने के लिए शेष वित्तपोषण दस्तावेज का निष्पादन प्रगति पर है।
- ❖ एलएनजी पोत परिवहन के लिए चयनित पोत स्वामियों के साथ टाइम चार्टर पार्टी (टीसीपी) का निष्पादन।
- ❖ प्रारंभिक विकास योजना के अनुसार, एरिया–1 परियोजना विकास चरण अधीन है और परियोजना स्थल पर निर्माण गतिविधियां चल रहीं हैं। प्रथम एलएनजी वर्ष 2024 तक अपेक्षित है।

4. कंपनी मामलों की स्थिति :

31 मार्च, 2020 को समाप्त अवधि के दौरान, चूँकि आपकी कंपनी गठन चरण में थी, कोई राजस्व जनित नहीं हुआ था। कुल व्यय 8.18 मिलियन रुपये रहा। 31 मार्च, 2020 को समाप्त अवधि के लिए, कंपनी ने 7,907.39 मिलियन रुपये की हानि की सूचना दी।

इसके अलावा, ओएनजीसी विदेश को भारत सरकार द्वारा यथा अनुमोदित कैश सिंक आधार पर निवेश सीमा के अंदर ही 10 प्रतिशत पीआई से संबंधित एरिया–1 परियोजना में कैश कॉल और अन्य निवेशों हेतु कंपनी को निधियन सहायता उपलब्ध करवाने की आवश्यकता होगी। चूँकि इक्विटी में निवेश सावधिक रूप से की जा सकती है, प्रारंभ में ऋण / अग्रिम के रूप में निधियन सहायता प्रदान करने और बोर्ड के अनुमोदन से समय–समय पर इक्विटी में परिवर्तित करने का प्रस्ताव किया गया था।

5. लाभांश :

वाणिज्यिक प्रचालनों और लाभ सृजन के अभाव में, बोर्ड 31 मार्च, 2020 को समाप्त अवधि के लिए किसी भी लाभांश की सिफारिश नहीं कर रहा है।

6. सार्वजनिक जमा :

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके तहत बनाए गए नियमों के आशय में जनता से कोई जमा स्वीकार नहीं किया है।

7. आरक्षितियों का हस्तांतरण :

31 मार्च 2020 को समाप्त अवधि के लिए 7,907.39 मिलियन रुपये की राशि की हानि को आरक्षिति और अधिशेष में हस्तांतरित कर दिया गया था। इसे इस रिपोर्ट के साथ संलग्न वित्तीय विवरणों के टिप्पण 12 के अंतर्गत बताया गया है।

8. शेयर पूंजी :

अधिकृत और चूकता शेयर पूंजी

31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार, कंपनी की अधिकृत और चूकता पूंजी 1,00,00,000 (1 करोड़ रुपये मात्र) है, जिसे 10 (दस रुपये मात्र) रुपये के 10,00,000 (दस लाख मात्र) शेयरों में विभाजित किया गया है।

9. वित्तीय अवधि की समाप्ति और इस रिपोर्ट की तिथि के बीच परिवर्तन :

- आपकी कंपनी की पूंजी की आवश्यकता को पूरा करने के लिए और व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए रणनीतिक निर्णय के एक हिस्से के रूप में, कंपनी ने दिनांक 02.09.2020 को आयोजित द्वितीय असाधारण आम बैठक में शेयरधारकों की सहमति से इसकी अधिकृत पूंजी को 1,00,00,000 (1 करोड़ रुपये) से 1,00,00,00,00,000 (दस हजार करोड़ रुपये) कर दिया गया है। बाद में, कंपनी की इक्विटी चूकता पूंजी को भी ऋण से इक्विटी में रूपांतरण के जरिये 12 दिसंबर 2020 से 1,00,00,000 (1 करोड़ रुपये मात्र) से बढ़ाकर 50,07,83,000 (5 हजार सात करोड़ अस्सी लाख रुपये मात्र) कर दिया गया है।
- श्रीमती रेखा मिश्रा, निदेशक को कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक के रूप में नियुक्त किया गया है।
- जून, 2020 में एरिया –1 रियायतग्राही ने एलएनजी के पोत–परिवहन के लिए दीर्घकालिक टाइम चार्टर पार्टी (टीसीपी) के साथ अनुबंध करने के लिए पोत स्वामी का चयन किया है।
- कोविड –19 मामलों के कारण अप्रैल, 2020 में अफुंगी परियोजना स्थल पर 'केयरटेकर मोड' सक्रिय किया गया था। अफुंगी परियोजना स्थल ने जून, 2020 में कोविड नियंत्रित स्थिति पर पहुँच गया था। स्थल पर निर्माण कार्य शुरू हो गया है।
- ओएनजीसी विदेश द्वारा एरिया –1 में प्रत्यक्षतः धारित 10 प्रतिशत पीआई के कंपनी को हस्तांतरण के परिणामस्वरूप, ओएनजीसी विदेश द्वारा होल्डको में धारित शेयरों के ओवीआरएल को हस्तांतरण का कार्य मई, 2020 में संपन्न हो गया था और होल्डको के नये शेयरधारक के रूप में ओवीआरएल के नाम पर शेयर सर्टिफिकेट जारी कर दिया गया था।
- प्रारंभिक दो ट्रेन विकास के लिए 16 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक परियोजना वित्तपोषण प्राप्त करने के लिए ईसीए/वाणिज्यिक बैंकों के साथ वार्ता कर रहा है। एरिया–1 प्रथम परियोजना वित्त ड्रॉ–डाउन (लंबित आरबीआई अनुमोदन के कारण) के पहले वित्त दस्तावेजों पर सहमति देने के लिए ओवीआरएल हेतु प्रावधान के साथ 15 जुलाई, 2020 को परियोजना वित्त ड्राई क्लोज हासिल किया है।
- ओवीआरएल ने ओवीआरएल के पक्ष में आरबीआई द्वारा प्रदत्त मंजूरी के आधार पर 01 दिसंबर, 2020 को परियोजना वित्तपोषण का परिग्रहण किया है।

10. निदेशक और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक :

10.1 निदेशकों में परिवर्तन : –

- श्री विवेकानंद, श्री जी एस चतुर्वेदी और श्री चांद मल जैन अधिनिगमन की तिथि अर्थात 15 अप्रैल 2019 से कंपनी के प्रथम निदेशक थे।
- श्री राधाकृष्णन गुहान को 01 फरवरी, 2020 से श्री चांद मल जैन के स्थान पर अपर निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था।
- श्री आलोक कुमार गुप्ता को 12 मार्च, 2020 से अपर निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था।
- श्रीमती रेखा मिश्रा को 16 मार्च, 2020 से अपर निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

वित्तीय अवधि की समाप्ति और इस रिपोर्ट की तिथि के बीच परिवर्तन

- श्री विवेकानंद और श्री जीएस चतुर्वेदी 19 मई, 2020 से आपकी कंपनी के निदेशक पद से प्रविरत हो गए।
- श्री विवेकानंद और श्री मधुकर मोहन 11 दिसंबर, 2020 से श्री आलोक कुमार गुप्ता और राधाकृष्णन गुहान के स्थान पर अपर निदेशक नियुक्त किए गए।

  आपके निदेशक, आपकी कंपनी के निदेशक के रूप में श्री जी एस चतुर्वेदी, श्री चांद मल जैन, श्री आलोक कुमार गुप्ता और श्री राधाकृष्णन गुहान द्वारा किए गए उत्कृष्ट योगदान की हार्दिक प्रशंसा करते हैं।

10.2 अपर निदेशकों का नियमितीकरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 161(1) के प्रावधानों के अनुसार श्री विवेकानंद, श्रीमती रेखा मिश्रा और श्री मधुकर मोहन जिन्हें कंपनी के अपर निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था आगामी वार्षिक आम बैठक की तिथि तक अपने पद पर बने रहेंगे। निदेशक के रूप में उनकी नियुक्ति की उम्मीदवारी का प्रस्ताव करते हुए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 160 के

तहत उनसे/सदस्य(यों) से आवश्यक सूचना प्राप्त हुई हैं। बोर्ड ने भी कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 160 के अनुसार उनकी नियुक्ति की सिफारिश की है।

10.3 बोर्ड की बैठकों की संख्या :

अन्य बोर्ड कार्यवाहियों के अलावा कंपनी/कारोबार नीति पर चर्चा करने और निर्णय लेने के लिए नियमित अंतराल पर बोर्ड की बैठकें आयोजित की जाती हैं। तथापि, विशेष और तत्काल व्यावसायिक आवश्यकता के मामले में, कानून के तहत यथा अनुमत परिचालन के माध्यम से प्रस्तावों को पारित कर बोर्ड की मंजूरी प्राप्त की जाती है, जिसकी पुष्टि बोर्ड की बाद की बैठक में की जाती है।

कंपनी अधिनियम, 2013 और सह पठित तद्धीन बनाए गए नियम के प्रासंगिक प्रावधानों के अनुसार 31 मार्च, 2020 को समाप्त अवधि के दौरान कंपनी के निदेशक मंडल की पाँच (5) बैठकें बुलाई और आयोजित की गयीं थी, वर्ष 2019 के दौरान पर 07 मई, 03 सितंबर और 21 अक्तूबर को और वर्ष 2020 के दौरान 15 जनवरी और 12 मार्च को आयोजित की गयीं थी। उपस्थिति और अन्य अपेक्षाओं से संबंधित विवरण इस रिपोर्ट के साथ संलग्न निगमित अभिशासन रिपोर्ट में दिए गए हैं।

10.4 निदेशकों द्वारा हितों का प्रकटन :

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 184 (1) के अनुसार, आपके निदेशकों ने कंपनी में उनके हितों का प्रकटन करते हुए कंपनी को नोटिस दिया है जिनमें उनके और उनके रिश्तेदार रुचि रखते हैं या जिनसे उनका सरोकार हैं।

आपकी कंपनी के निदेशकों में से कोई भी कंपनी (निदेशकों की नियुक्ति और योग्यता) के नियम 14 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 के खंड 164 (2) प्रावधानों के तहत अयोग्य नहीं है।

10.5 मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक :

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 203 के उपबंधों के अनुसार श्रीमती निशा धींगरा (एफसीएस–10726) को 02.09.2020 से कंपनी का कंपनी सचिव और प्रमुख प्रबंधन कार्मिक नियुक्त किया गया है और श्रीमती रेखा मिश्रा, निदेशक को दिनांक 22.12. 2020 के मुख्य वित्तीय अधिकारी और कंपनी के मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक के रूप में नियुक्त किया गया है।

10.6 स्वतंत्र निदेशक :

आपकी कंपनी, पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी होने के नाते, कंपनी (निदेशक की नियुक्ति और योग्यता) नियम, 2014 के नियम 4 (2) (ख) के अनुसार स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति की कोई अनिवार्य आवश्यकता नहीं है।

10.7 प्रबंधकीय पारिश्रमिक :

आपकी कंपनी एक असूचीबद्ध सरकारी कंपनी है, इसलिए, कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिक की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली 2014 के नियम 5(2) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197 के उपबंध इस कंपनी पर लागू नहीं हैं।

इसके अलावा आपकी कंपनी के सभी निदेशक नियंत्रक – ओएनजीसी विदेश कंपनी द्वारा नामित हैं, जिन्हें उनके पूर्ण कालिक निदेशकों या अधिकारियों से निजी तौर पर लिया गया है। इसलिए ऐसे निदेशकों को कंपनी द्वारा किसी पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किया गया है।

10.8 धारा 178 की उप–धारा के अंतर्गत कंपनी में मौजूद निदेशकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक और अन्य समितियों से संबंधित नीति

आपकी कंपनी एक सरकारी होने के नाते इस कंपनी को एमसीए द्वारा जारी 5 जून 2015 की अधिसूचना के तहत निदेशकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक संबंधी नीति और साथ ही उनके प्रदर्शन के मूल्यांकन से छूट प्राप्त है।

11 सारवान् परिवर्तन प्रतिबद्धताएं, यदि कोई हो, जो कंपनी के वित्तीय स्थिति को प्रभावित करते हों :

कंपनी की अधिकृत और चूकता शेयर पूंजी में वृद्धि के अलावा, वित्तीय अवधि के अंत और इस रिपोर्ट की तिथि के बीच कंपनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाली कोई भी सारवान् परिवर्तन/प्रतिबद्धता नहीं की गयीं थी। कंपनी के कारोबार की प्रकृति में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

12 जोखिम प्रबंधन नीति :

आपकी कंपनी अभी भी व्यवसाय के निर्माण के चरण में है और फिलहाल इसका कोई व्यावसायिक प्रंचालन नहीं है। जोखिम प्रबंधन नीति तब बनेगी जब व्यवसाय के प्रचालन में प्रगति होगी। तथापि, बोर्ड समय–समय पर जोखिम का शमन करने के

लिए कंपनी द्वारा अपनाए गए साधनों की समीक्षा करता है और साथ ही साथ उन सभी मामलों पर नियमित रूप से बोर्ड बैठकों में चर्चा की जाती है जो कारोबार के लिए महत्वपूर्ण है और तदनुसार मानक कारोबार संव्यवहार के भाग के रूप में जोखिम प्रबंधन किया जाता है।

आपकी कंपनी सुरक्षित प्रचालन सुनिश्चित करने का प्रयास करती है जो लोगों, पर्यावरण, समुदायों और भौतिक संपत्ति की रक्षा करती है।

13 लेखा परीक्षा :

13.1 सांविधिक लेखा परीक्षक –

आपकी कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षक कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 139 (7) के उपबंधों के अनुसार भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी) द्वारा नियुक्त किए जाते हैं। मैसर्स के जी सोमानी एंड कं., चार्टर्ड एकाउंटेंट (फर्म पंजीकरण सं. 06591एन), दिल्ली को 31 मार्च, 2020 को समाप्त अवधि के लिए कंपनी का पहला सांविधिक लेखा परीक्षक नियुक्त किया गया था।

13.2 लेखाओं पर लेखा परीक्षक की रिपोर्ट –

31 मार्च, 2020 को समाप्त अवधि के लिए संबंधित वित्तीय विवरणों के साथ कंपनी के स्टैंडअलोन लेखाओं पर सांविधिक लेखा परीक्षक की रिपोर्ट इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है। उक्त अवधि के लिए कंपनी के वित्तीय विवरणों पर सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में कोई विशेषक नहीं है। इसके अलावा, कंपनी के लेखा परीक्षकों द्वारा किसी भी धोखाधड़ी की सूचना नहीं दी गई है।

सी एंड एजी ने 11 अगस्त 2020 के पत्र के तहत कंपनी को सूचित किया है कि उन्होंने उक्त वित्तीय विवरणों पर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6)(क) के तहत कंपनी की पूरक लेखा परीक्षा नहीं करने का निर्णय लिया है।

13.3 लागत लेखा परीक्षा –

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 (1) के अनुसार, लागत अभिलेखों के अनुरक्षण के उपबंध इस कंपनी पर लागू नहीं हैं।

13.4 सचिवीय लेखा परीक्षा –

आपकी कंपनी को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 के तहत लागू उपबंधों के संदर्भ में किसी भी सचिवीय लेखा परीक्षक की नियुक्ति की आवश्यकता नहीं थी।

14 वार्षिक बैठक का सार :

कंपनी अधिनियम, 2013 और कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 12 (1) की धारा 92 (3) के अनुसरण में इस बोर्ड की रिपोर्ट के एक भाग के रूप में फार्म एमजीटी 9 में वार्षिक विवरणी का एक सार संलग्न किया गया है।

15. ऋण, गारंटी या निवेश के विवरण :

आपकी कंपनी अन्वेषण और उत्पादन (ईएंडपी) व्यवसाय में लगी हुई है, जो कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 (11) के तहत प्रदान की गई छूट में शामिल है। तदनुसार, कंपनी द्वारा अनुषंगी और सहायक कंपनियों को दिए गए ऋण, में किए गए निवेश या को प्रदत्त गारंटी या प्रतिभूति के विवरण की सूचना नहीं दी गयी है।

16 ऊर्जा का संरक्षण, प्रौद्योगिकी अवशोषण और विदेशी मुद्रा आय और व्यय :

- ❖ आपकी कंपनी हमेशा से ही देश की ऊर्जा कमी से संबंधित तथ्य को ध्यान में रखते हुए ऊर्जा के संरक्षण के लिए उचित कदम उठाती रही है।
- ❖ आपकी कंपनी हमेशा समय–समय पर स्वयं को तकनीकी रूप से अद्यतित रखने की कोशिश करती रही है।
- ❖ इस अवधि के दौरन कोई विदेशी मुद्रा आय नहीं हुई थी और इस अवधि के दौरान व्यय 1181.01 करोड रुपये है।

17 बोर्ड मूल्यांकन :

आपकी कंपनी एक सरकारी कंपनी होने के नाते इसे एमसीए द्वारा जारी किए गए 05 जून, 2015 और 5 जुलाई, 2017 की अधिसूचना के अनुसार निदेशकों की नियुक्ति, प्रदर्शन मूल्यांकन और पारिश्रमिक से संबंधित उपबंध से छूट प्राप्त है।

18 आंतरिक वित्तीय नियंत्रण :

कंपनी की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली व्यवसाय के आकार और जरूरतों के अनुरूप कंपनी की नीतियों के अनुपालन कर, सुधार

के क्षेत्र की पहचान कर, वित्तीय विवरणों की विश्वसनीयता का मूल्यांकन कर, प्रयोज्य कानूनों और विनियमों का अनुपालन कर और परिसंपत्तियों के अनधिकृत उपयोग के संरक्षणों के माध्यम से पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण सुनिश्चित करने की दिशा में सक्षम है।

19. कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिशेध और प्रतितोश) अधिनियम, 2013 के तहत प्रकटन :

इस कंपनी के सभी कर्मचारी नियंत्रक कंपनी ओएनजीसी / ओएनजीसी विदेश लिमिटेड के वेतन पंजी में शामिल हैं, जिन्होंने कार्यस्थल पर महिलाओं की लैंगिक उत्पीड़न संबंधी नीति को क्रियान्वित किया है।

तथापि, समीक्षाधीन अवधि के दौरान, कंपनी को लैगिक उत्पीड़न की कोई शिकायत नहीं मिली।

20. संबंधित पक्षकारों के साथ संविदाओं या व्यवस्थाओं का विवरण :

संबंधित अधिनियम, 2013 की धारा 188(1) के तहत यथा विनिर्दिष्ट संबंधित पक्षकारों के साथ संविदाओं और व्यवस्थाओं का विवरण विहित प्ररूप एओसी 2 में अनुलग्नक – प्प में संलग्न है।

आपके निदेशक सदस्यों का ध्यान वित्तीय विवरण के टिप्पण सं. 25 की ओर आकृष्ट किया जाता है जो भारतीय लेखांकन मानक के अनुसार संबंधित पक्षकार प्रकटन निर्धारित करता है।

21. निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि में राशियों का अंतरण :

कंपनी के पास ऐसी कोई निधि नहीं थी जिसे निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि (आईईपीएफ) में जमा करना अपेक्षित था।

22 निगमित अभिशासन रिपोर्ट :

आपकी कंपनी निगमित अभिशासन के उच्चतम मानकों को हासिल करने का प्रयास करती है। निगमित अभिशासन रिपोर्ट संबंधी एक विस्तृत रिपोर्ट बोर्ड की रिपोर्ट के भाग के रूप में संलग्न है।

23 कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व :

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के अनुसार कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व ('सीएसआर') से संबंधित उपबंध 31 मार्च, 2020 को समाप्त अवधि के लिए कंपनी पर लागू नहीं थे।

24 सांविधिक प्रकटन :

आपके निदेशक ने कंपनी अधिनियम, 2013 सहित विभिन्न अधिनियमों के तहत यथा अपेक्षित आवश्यक प्रकटन किए हैं।

25 निदेशकों का उत्तरदायित्व वक्तव्य :

निदेशकों के उत्तरदायित्व वक्तव्य के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 की उप–धारा (3) के खंड (ग) की अपेक्षा के अनुसरण में, आपके निदेशकों ने निम्नलिखित अभिपुष्टि की :

क) वार्षिक लेखाओं की तैयारी में, सारवान् विचलन से संबंधित उचित स्पष्टीकरण के साथ प्रयोज्य लेखांकन मानकों का पालन किया गया था;

ख) निदेशकों ने जो वित्तीय विवरणों के लेखों की टिप्पणियों मे यथा वर्णित इस प्रकार की लेखांकन नीतियों का चयन किया है और उन्हें सतत रूप से उसी प्रकार लागू किया गया है जैसा कि वार्षिक लेखों में उल्लिखित हैं तथा निर्णय व अनुमान इस प्रकार किए गए है जो उचित व विवेकपूर्ण हैं ताकि वे उक्त वित्तीय अवधि के अंत में कंपनी की कार्य–स्थिति के बारे में तथा उस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के लाभ के बारे में वास्तविक व उचित दृष्टिकोण प्रदान करें;

ग) निदेशकों द्वारा कंपनी की संपत्ति की सुरक्षा के लिए और धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं को रोकने व उनका पता लगाने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखा अभिलेखों के रखरखाव के लिए उचित और पर्याप्त देखभाल की गई है;

घ) निदेशकों ने ''चालू समुत्थान'' आधार पर वार्षिक लेखों को तैयार किया है;

ङ) निदेशकों ने कंपनी द्वारा अनुपालन किए जाने के लिए आंतरिक वित्तीय नियंत्रण निर्धारित किए हैं तथा इस प्रकार के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त हैं तथा वे प्रभावी ढंग से कार्य कर रहे हैं; तथा

च) निदेशकों द्वारा सभी प्रकार के लागू कानूनों के प्रावधानों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए उचित व्यवस्था तैयार की गयी है और इस प्रकार की व्यवस्थाएं पर्याप्त हैं तथा वे कारगर ढंग से कार्य कर रही हैं।

26 आभार :

आपके निदेशकं इस अवसर पर हमारी नियंत्रक कंपनियों ओएनजीसी और ओएनजीसी विदेश द्वारा कंपनी के गठन में किए गए अथक प्रयासों के लिए अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। चाहे वह जनशक्ति समर्थन, पंजीकृत कार्यालय स्थान, पूर्व–परियोजना गतिविधियों को पूरा करने में सहायता प्रदान करने या मार्गदर्शन प्रदान करने में या मांगी गयी सहायता हो, प्रवर्तक कंपनियां हमेशा कंपनी के संरक्षक के रूप में रही हैं। ओवीआरएल सभी मार्गदर्शन और समर्थन के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, वित्त मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और लोक उद्यम विभाग का भी आभारी है ।

आपके निदेशक समय–समय पर कंपनी को सहायता प्रदान करने के लिए बैंकरों सहित विभिन्न सरकारी विभागों और एजेंसियों के भी आभारी हैं।

22 दिसंबर, 2020
नई दिल्ली

कृते ओएनजीसी विदेश रोवुमा लिमिटेड
हस्ताक्षर
विवेकानंद
बोर्ड के अध्यक्ष

अनुलग्नक – I

प्ररूप संख्या एमजीटी 9

दिनांक 31-03-2020 की स्थिति के अनुसार वार्षिक विवरणी का सार

{कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 92 (3) तथा कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम 2014 के नियम 12 (1) के अनुसरण में}

I पंजीकरण तथा अन्य ब्यौरे

i	सीआईएन	यू11201डीएल2019जीओआई348673
ii	पंजीकरण की तिथि	15 अप्रैल 2019
iii	कंपनी का नाम	ओएनजीसी विदेश रोवुमा लिमिटेड
iv	कंपनी की श्रेणी / उप श्रेणी	सरकारी कंपनी
v	पंजीकृत कार्यालय का पता तथा संपर्क विवरण	प्लॉट सं. 5ए–5बी, नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज, नई दिल्ली – 110 070 दूरभाष : 91 11 26754316 ई–मेल आईडी : secretariat@ovrl.in
vi	क्या कंपनी सूचीबद्ध है	नहीं
vii	रजिस्ट्रार तथा अंतरण एजेंट का नाम, पता और संपर्क विवरणे, यदि कोई हों	लागू नहीं

II कंपनी का मुख्य व्यावसायिक कार्यकलाप

उन सभी व्यावसायिक कार्यकलाप का उल्लेख करें जिनका योगदान कंपनी के कुल कारबार के 10 प्रतिशत या उससे अधिकः–

क्रम संख्या	मुख्य उत्पादों/सेवाओं का नाम व ब्यौरा	उत्पाद / सेवा का एनआईसी कोड	कंपनी के कुल कारोबार का प्रतिशत
1	कच्चा तेल	061	–
2	प्राकृतिक गैस	062	–

III नियंत्रक, समनुषंगी व सहायक कंपनियों के विवरण

क्रम संख्या	कंपनी का नाम व पता	सीआईएन / जीएलएन	नियंत्रक/समनुषंगी/सहायक कंपनियों के विवरण	धारित शेयरों का प्रतिशत	लागु खंड
1.	ओएनजीसी विदेश लिमिटेड, दीन दयाल उपाध्याय ऊर्जा भवन, प्लॉट सं. 5ए – 5बी, नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज, नई दिल्ली 110 070	यू 74899 डी एल 1965 जी ओ आई 004343	नियंत्रक कंपनी	ओएनजीसी विदेश रोवुमा लिमिटेड का 100 प्रतिशत हिस्सा	2(46)

IV शेयर – धारिता स्वरूप (कुल इक्विटी के प्रतिशत के रूप में इक्विटी शेयर पूंजी का अलग अलग विवरण)

i. श्रेणीवार शेयर धारिता

शेयरधारकों की श्रेणी	वर्ष के आरंभ में धारित शेयरों की संख्या				वर्ष के आरंभ में धारित शेयरों की संख्या				वर्ष के दौरान प्रतिशत परिवर्तन
क संस्थापक									
(1) भारतीय									
क) व्यक्ति /एचयूएफ	–	6	6	–	–	6	6	–	–
ख) केंद्रीय सरकार	–	–	–	–	–	–	–	–	–
ग) राज्य सरकार	–	–	–	–	–	–	–	–	–
घ) निकाय कॉरपोरेट		999994	999994	100		999994	999994	100	–
ड़) बैंक / वित्त संस्था	–	–	–	–	–	–	–	–	–
च) कोई अन्य	–	–	–	–	–	–	–	–	–
उप योग प्रतिशत (क) (1)	–	1000000	1000000	100	–	1000000	1000000	100	–
2 विदेशी									
छ) एनआरआई व्यक्ति	–	–	–	–	–	–	–	–	–
ज) अन्य व्यक्ति	–	–	–	–	–	–	–	–	–
झ) कॉरपोरेट निकाय	–	–	–	–	–	–	–	–	–
ञ) बैंक / वित्त संस्था	–	–	–	–	–	–	–	–	–
ट) कोई अन्य	–	–	–	–	–	–	–	–	–
उप योग प्रतिशत (क)(2)	–	–	–	–	–	–	–	–	–
ख सार्वजनिक भोयर धारिता									
1 संस्थान	–	–	–	–	–	–	–	–	–
क) म्यूचुअल फंड	–	–	–	–	–	–	–	–	–
ख) बैंक / वित्त संस्थान	–	–	–	–	–	–	–	–	–
ग) केंद्रीय सरकार	–	–	–	–	–	–	–	–	–
घ) राज्य सरकार (रें)	–	–	–	–	–	–	–	–	–
ड़) उद्यम पूंजीगत निधि	–	–	–	–	–	–	–	–	–
च) बीमा कंपनियां	–	–	–	–	–	–	–	–	–
छ) एफ आई आई	–	–	–	–	–	–	–	–	–
ज) विदेशी उद्यम पूंजीगत निधि	–	–	–	–	–	–	–	–	–
ड़) अन्य (उल्लेख करें)	–	–	–	–	–	–	–	–	–
उप योग (ख) (1)	–	–	–	–	–	–	–	–	–
2 गैर संस्थागत									
क) निकाय कॉरपोरेट									
i) भारतीय	–	–	–	–	–	–	–	–	–
ii) विदेशी	–	–	–	–	–	–	–	–	–
ख) व्यक्ति	–	–	–	–	–	–	–	–	–
i) भारतीय एक लाख रुपए तक की सामान्य शेयर पूंजी धारक व्यक्तिगत शेयर धारक	–	–	–	–	–	–	–	–	–
ii) एक लाख रुपए से अधिक की सामान्य शेयर पूंजी धारक व्यक्तिगत शेयरधारक	–	–	–	–	–	–	–	–	–

ii) एक लाख रुपए से अधिक की सामान्य शेयर पूंजी धारक व्यक्तिगत शेयरधारक	–	–	–	–	–	–	–	–	–
ग) अन्य (उल्लेख करें)	–	–	–	–	–	–	–	–	–
उप योग प्रतिशत (ख) (2)	–	–	–	–	–	–	–	–	–
कुल सार्वजनिक शेयरधारिता (ख) त्र(ख)(1) + (ख) (2)	–	–	–	–	–	–	–	–	–
ग) जीडीआर व एडीआर के लिए संरक्षक द्वारा धारित शेयर	–	–	–	–	–	–	–	–	–
कुल योग (क+ख+ग)	–	**1000000**	**1000000**	**100**	–	**1000000**	**1000000**	**100**	–

ii. संस्थापकों की शेयर–धारिता

क्रम संख्या	शेयर–धारक का नाम	वर्ष के आरंभ में धारित शेयरों की संख्या			वर्ष के आरंभ में धारित शेयरों की संख्या			वर्ष के दौरान परिवर्तन का प्रतिशत
		शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का प्रतिशत	कुल शेयरों के प्रतिभूत बाधित शेयरों का प्रतिशत	शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का प्रतिशत	कुल शेयरों के प्रतिभूत बाधित शेयरों का प्रतिशत	
1	ओएनजीसी विदेश लिमिटेड	999994	100	–	999994	100	–	–
2	श्री विवेकानंद +	1	–	–	1	–	–	–
3	श्री गिरिजा शंकर चतुर्वेदी+	1	–	–	1	–	–	–
4	श्रीमती रेखा मिश्रा+	1	–	–	1	–	–	
5	श्री राधाकृष्णन गुहान+	–	–	–	1	–	–	–
6	श्री मधुकर मोहन+	–	–	–	1	–	–	–
7	श्री आलोक कुमार गुप्ता+	–	–	–	1	–	–	–
8	श्री अखिल वर्मा+	1	–	–	–	–	–	–
9	श्री चांद मल जैन+	1	–	–	–	–	–	–
10	श्री जय भगवान बंसल+	1	–	–	–	–	–	–
	योग	1000000	100	–	1000000	100	–	–

+ओएनजीसी विदेश लिमिटेड के नामिति के रूप में ओएनजीसी विदेश रोवुमा लिमिटेड के शेयर धारित कर रहे हैं।

iii. संस्थापकों की शेयरधारिता में परिवर्तन

क्र. सं.	शेयर धारक का नाम	विवरण	तिथि	1 अप्रैल 2019 की स्थिति के अनुसार वर्ष के आरंभ में शेयरधारिता		31 मार्च 2020 की स्थिति के अनुसार वर्ष के दौरान संचयीं शेयरधारिता		अभ्युक्तियां
				शेयरों की सं.	कंपनी के कुल शेयरों का प्र.	शेयरों की सं.	कंपनी के कुल शेयरों का प्र.	
1	ओएनजीसी विदेश लिमिटेड	वर्ष के प्रारंभ में	15.04.2019	999994	100	999994	100 प्रतिशत	कोई परिवर्तन नहीं
		वृद्धि / (कमी)	–	–	–	–	–	
		वर्ष के अंत में	31.03.2020	999994	100	999994	100 प्रतिशत	
2	श्री विवेकानंद +	वर्ष के प्रारंभ में	15.04.2019	1	–	1	–	कोई परिवर्तन नहीं
		वृद्धि / (कमी)		–	–	–	–	
		वर्ष के अंत में	31.03.2020	1	–	1	–	
3	श्री गिरिजा शंकर चतुर्वेदी+	वर्ष के प्रारंभ में	15.04.2019	1	–	1	–	कोई परिवर्तन नहीं
		वृद्धि / (कमी)	–	–	–	–	–	
		वर्ष के अंत में	31.03.2020	1		1	–	

4	श्रीमती रेखा मिश्रा+	वर्ष के प्रारंभ में	15.04.2019	1	–	1	–	कोई परिवर्तन नहीं
		वृद्धि / (कमी)		–	–	–	–	
		वर्ष के अंत में	31.03.2020	1	–	1	–	
5	श्री राधाकृष्णन गुहान+	वर्ष के प्रारंभ में	15.04.2019	–	–	–	–	श्री अखिल वर्मा से शेयर का हस्तांतरण
		वृद्धि / (कमी)	21.10.2019	–	–	1	–	
		वर्ष के अंत में	31.03.2020	1	–	1	–	
6	श्री मधुकर मोहन+	वर्ष के प्रारंभ में	15.04.2019	–	–	–	–	श्री चांद मल जैन से शेयर का हस्तांतरण
		वृद्धि / (कमी)	12.03.2020	–	–	1	–	
		वर्ष के अंत में	31.03.2020	1	–	1	–	
7	श्री आलोक कुमार गुप्ता +	वर्ष के प्रारंभ में	15.04.2019	–	–	–	–	श्री जय भगवान बंसल से शेयर का हस्तांतरण
		वृद्धि / (कमी)	12.03.2020	–	–	1	–	
		वर्ष के अंत में	31.03.2020	–	–	1	–	
8	श्री अखिल वर्मा+	वर्ष के प्रारंभ में	15.04.2019	1	–	1	–	श्री आर गुहान को शेयर का हस्थानांतरण
		वृद्धि / (कमी)	21.10.2019	–	–	(1)	–	
		वर्ष के अंत में	31.03.2020	–	–	–	–	
9	श्री चांद मल जैन+	वर्ष के प्रारंभ में	15.04.2019	1	–	1		श्री मधुकर मोहन को शेयर का हस्थानांतरण
		वृद्धि / (कमी)	12.03.2020	–	–	(1)		
		वर्ष के अंत में	31.03.2020	–	–	–		
10	श्री जय भगवान बंसल+	वर्ष के प्रारंभ में	15.04.2019	1	–	1	–	श्री आलोक कुमार गुप्ता को शेयर हस्थानांतरण
		वृद्धि / (कमी)	12.03.2020	–	–	(1)	–	
		वर्ष के अंत में	31.03.2020	–	–	–	–	

+ ओएनजीसी विदेश लिमिटेड के नामिति के रूप में ओएनजीसी विदेश रोवुमा लिमिटेड के शेयर धारित कर रहे हैं।

(iv) शीर्ष दस शेयरधारकों की शेयरधारिता का स्वरूप (निदेशक, संस्थापक एवं जीडीआर एवं एडीआर के धारक को छोड़कर) : प्रयोज्य नहीं।

क्र.सं.		वर्ष के प्रारंभ (15.04.2019) में शेयधारिता		वर्ष के दौरान संचयी शेयरधारिता	
	शीर्ष 10 शेयरधारकों में से प्रत्येक का	शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का प्रतिशत	शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का प्रतिशत
1.	वर्ष के प्रारंभ में	–	–	–	–
2.	वृद्धि / कमी के कारणों (अर्थात आवंटन / हस्तांतरण/बोनस / स्वेट इक्विटी इत्यादि) : को निर्दिष्ट करते हुए वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तिथिवार वृद्धि / कमी	–	–	–	–
3.	वर्ष के अंत में (या विलगन की तिथि को, यदि वर्ष के दौरान विलगित हुए हैं	–	–	–	–

(iv) निदेशकों तथा मुख्य प्रबंधन कार्मिकों (केएमपी) की शेयर धारिता

	कुल इक्विटी		(1,030.35)
	देयताएं		
(2)	**गैर मौजूदा देयताएं**		
	(क) वित्तीय देयताएं		
	(i) उधार राशियां	13	1,78,493.97
	(ख) आस्थगित कर देयताएं (निवल)	15	49,471.17
	कुल गैर मौजूदा देयताएं		227965.14
(3)	**मौजूदा देयताएं**		
	(क) वित्तीय देयताएं		
	(i) व्यापार की चुकाई जाने वाली राशियां		

	(i) व्यापार की चुकाई जाने वाली राशियां		
	क) सूक्ष्म और लघु उद्यमों की कुल बकाया देय राशियां		–
	ख) सूक्ष्म और लघु उद्यमों के अलावा अन्य ऋणदाताओं की कुल बकाया देय राशियां	–	
	(ii) अन्य वित्तीय देयताएं	14	2,596.54
	(ख) अन्य मौजूदा देयताएं	16	1.12
	कुल मौजूदा देयताएं		**2,597.66**
	कुल देयताएं		**2,30,562.80**
	कुल इक्विटी और देयताएं		**2,29,532.45**
	स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों की संलग्न टिप्पणियां देखें	1–31	

बोर्ड की ओर से

(रेखा मिश्रा)
निदेशक

(आर गुहान)
निदेशक

हमारी समतिथि की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार

कृते के जी सोमानी एंड कं.
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. 06591एन

ह0

सीान : नई दिल्ली
तिथि : 11 जून 2020

(अनुज सोमानी)भागीदार
सदस्यता संख्या : 511267
यूडीआईएनल : 20511267एएएएएबी1131

ओएनजीसी विदेश लिमिटेड

(सीआईएन : यू11201डीएल2019जीओआई348673)

(जबतक अन्यथा कथित न हो सभी राशियां मिलियन रुपये में)

31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ एवं हानि का विवरण

	मद	**टिप्पण सं.**	**31 मार्च 2020 को समाप्त अवधि**
I	प्रचालनों से राजस्व		–
II	अन्य आय		–
III	**कुल आय** (I + II)		–
IV	**व्यय**		
	उत्पादन, परिवहन, विक्रय और वितरण व्यय	17	3.71
	बट्टे खाते डाली गयी अन्वेषण लागत		
	(क) सर्वेक्षण लागत		3.28
	(ख) अन्वेषी कूप लागत		–
	मूल्यह्रास, निःशेषण, परिशोधन और क्षति	18	0.40
	वित्तीय लागत	19	–
	अन्य व्यय	20	0.79
	कुल व्यय (IV)		8.18
V	**असाधारण मदें और कर पूर्व लाभ** (III - IV)		(8.18)
VI	असाधारण (आय) / व्यय	21	8,008.73
VII	**कर पूर्व (V - VI) लाभ** / (हानि)		(8,016.91)
VIII	**कर व्यय :**		
	(क) मौजूदा कर से संबंधित	22	
	– मौजूदा अवधि		–
	– पूर्व अवधि		–
	(ख) आस्थगित कर		(109.52)
	कुल कर व्यय (VIII)		(109.52)
IX	**अवधि का लाभ / (हानि)**		(7,907.39)
X	**अन्य व्यापक आय**		
	(क) मदें जिन्हें लाभ या हानि में पुनर्वर्गीकृत नहीं किया जाएगा		
	(i) परिभाषित हितलाभ दायित्व का पुनर्मापन		–
	– उपर्युक्त से संबंधित आय कर		–
	(ख) मदें जिन्हें लाभ या हानि के रूप में पुनर्वर्गीकृत किया जाएगा		
	(i) विदेशी प्रचालनों के वित्तीय विवरण को परिवर्तित करने में विनिमय अंतर		(186.02)
	– उपर्युक्त से संबंधित आय कर		65.00
	कुल अन्य व्यापक आय		(121.02)
XI	इस वर्ष के लिए कुल व्यापक आय/(हानि) (IX+ X)		(8,028.41)
XI	प्रति इक्विटी शेयर आय : (₹10 प्रत्येक के अंकित मूल्य पर)	23	
	मूल (₹)		(7,907.39)
	तनुकृत (₹)		(7,907.39)
	स्टैंड अलोन वित्तीय विवरण से संलग्न टिप्पण देखें	1– 31	

बोर्ड की ओर से

(रेखा मिश्रा)
निदेशक

(आर गुहान)
निदेशक

हमारी समतिथि की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार

कृते के जी सोमानी एंड कं.
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. 06591एन

ह0

सीान : नई दिल्ली
तिथि : 11 जून 2020

(अनुज सोमानी)भागीदार
सदस्यता संख्या : 511267
यूडीआईएनल : 20511267एएएएएबी1131

ओएनजीसी विदेश लिमिटेड

(सीआईएन : यू11201डीएल2019जीओआई348673)

(जबतक अन्यथा कथित न हो सभी राशियां मिलियन रुपये में)

31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष का नकद प्रवाह विवरण

मद		**31 मार्च, 2020 को समाप्त अवधि**
i) **प्रचालन गतिविधियों से नकद प्रवाह :**		
कर पश्चात निवल लाभ		(7,907.39)
निम्नलिखित के लिए समायोजन		
– अन्वेषणात्मक कूप लागत बट्टे खाते डाली गयी	3.28	
– मूल्यह्रास, निःशेषण, परिशोधन और	क्षति	0.40
– विदेशी मुद्रा हानि / (लाभ)	0.79	
– आस्थगित कर व्यय	(109.52)	
– अपवादात्मक मदें	8,008.73	7,903.68
कार्यशील पूंजी परिवर्तनों के पूर्व प्रचालन लाभ		(3.71)
निम्नलिखित के लिए समायोजन		3.59
प्रचालनों से सृजित नकद		(0.12)
संदत्त आय कर (कर प्रतिदाय के निवल)		
प्रचालन गतिविधियों से सृजित निवल नकद''क''		(0.12)
ii). **निवेश गतिविधियों से नकद प्रवाह :**		
निवेश गतिविधियों (में प्रयुक्त) /से जनित निवल नकदी ''ख''		–
पपप) **वित्तपोषण गतिविधियों से नकद प्रवाह :**		
शेयरधारकों से पूंजीगत अंशदान		10.00
दीर्घावधिक / अल्पावधिक उधारों की वापसी अदायगी (निवल)		
इक्विटी शेयरों पर लाभांश भुगतान		
लाभांश पर संदत्त ब्याज		
ब्याज का भुगतान		
वित्तपोषण गतिविधियों में प्रयुक्त निवल नकद ''ग''		10.00
नकद और नकद समतुल्यों में निवल वृद्धि /कमी (क + ख +	**ग)**	9.88
अवधि के प्रारंभ में नकद और नकद समतुल्य		–
अवधि के दौरान विनिमय अंतरों का प्रभाव		0.00
अवधि के अंत में नकद और नकद समतुल्य		9.88

वित्तीय गतिविधियों से उत्पन्न देयताओं का मिलान

विवरण	**31 मार्च 2019 को**	**नकद प्रवाह**	**गैर नकद मदें**	**31 मार्च 2020 को**
उधारें (पट्टा देयता सहित)	–	–	1,78,493.97	1,78,493.97
अन्य वित्तीय देयताएं – प्रोद्भूत ब्याज				
अन्य वित्तीय देयताएं –निवल व्यूत्पन्न संविदा				
वित्तपोषण गतिविधियों से निवल देयताएं	–	–	1,78,493.97	1,78,493.97

टिप्पण :

टिप्पण सं. 29 के बिन्दु (ग) का संदर्भ आकृष्ट किया जाता है

बोर्ड की ओर से

(रेखा मिश्रा)
निदेशक

(आर गुहान)
निदेशक

हमारी समतिथि की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार

कृते के जी सोमानी एंड कं.
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. 06591एन

ह0

सीान : नई दिल्ली
तिथि : 11 जून 2020

(अनुज सोमानी)भागीदार
सदस्यता संख्या : 511267
यूडीआईएनल : 20511267एएएएएबी1131

ओएनजीसी विदेश लिमिटेड

(सीआईएन : यू11201डीएल2019जीओआई348673)

(जबतक अन्यथा कथित न हो सभी राशियां मिलियन रुपये में)

31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष को इक्विटी परिवर्तन का स्टैंड अलोन विवरण

(i) इक्विटी शेयर पूंजी

मद	राशि
15 अप्रैल 2019 को शेष	–
वर्ष के दौरान इक्विटी शेयरो का निर्गम	10.00
31 मार्च 2020 को शेष	10.00

(ii) अन्य इक्विटी

31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष को इक्विटी परिवर्तन का स्टैंड अलोन विवरण (जारी.....)

मद	नियंत्रक कंपनी से पूंजीगत योगदान माने गए	आरक्षित और अधिशेष			विदेशी प्रचालनो के वित्तीय विवरण को रूपांतरित करने पर विनिमय अंतर	कुल
		पूंजीगत आरक्षित तिथि	सामान्य आरक्षित निधि	प्रतिधारित अर्जन		
15 अप्रैल 2019 को शेष	–	–	–	–	–	–
अवधि के दौरान लाभ	–	–	–	**(7,907.39)**	–	**(7,907.39)**
परिभाषित हितलाभ दायित्व का	–	–	–	–	–	–
पुनर्मापन, आय कर के निवल						
अवधि का अन्य व्यापक आय,	–	–	–	–	**(121.02)**	**(121.02)**
आय कर के निवल						
अवधि के दौरान कुल व्यापक आय				**(7,907.39)**	**(121.02)**	**(8,028.41)**
लाभांश घोषणा	–	–	–	–	–	–
लाभांश वितरण कर	–	–	–	–	–	–
अवधि के दौरान परिवर्तन	–	–	–	–	–	–
साझे नियंत्रण कारोबार संयोजन के	49,480.86	23,441.40	–	(67,595.89)	–	5,326.37
कारण समायोजन (टिप्पण 29 देखें)						
अधिनिगमन तिथि से कारोबार	–	–	–	1,661.69	–	1,661.69
हस्तांतरण तिथि तक के लिए						
पुनर्कथन समायोजन						
31 मार्च 2020 को शेष	**49,480.86**	**23,441.40**	–	**(73,841.59)**	**(121.02)**	**(1,040.35)**

टिप्पण :

टिप्पण सं. 29 के बिन्दु (ग) का संदर्भ आकृष्ट किया जाता है

बोर्ड की ओर से

(रेखा मिश्रा)
निदेशक

(आर गुहान)
निदेशक

हमारी समतिथि की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार

कृते के जी सोमानी एंड कं.
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. 06591एन

ह0

सीान : नई दिल्ली
तिथि : 11 जून 2020

(अनुज सोमानी)भागीदार
सदस्यता संख्या : 511267
यूडीआईएनल : 20511267एएएएएबी1131

31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां

1. कॉरपोरेट सूचना

''ओएनजीसी विदेश रोवुमा लिमिटेड ('ओवीआरएल' या 'कंपनी')'' भारत में अधिवासित और स्थापित एक निगमित पब्लिक लिमिटेड कम्पनी है, जिसका पंजीकृत कार्यालय प्लॉट नं. 5ए – 5बी, नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज, नई दिल्ली : 110070 में अवस्थित है। ओएनजीसी विदेश रोवुमा लिमिटेड, ओएनजीसी विदेश लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी है।

यह कंपनी कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के अन्वेषण, विकास और उत्पादन के लिए भारत के बाहर तेल एवं गैस रकबों की तलाश करने और उनके अर्जन के काम में लगी है।

वित्तीय विवरणों को जारी किए जाने के लिए 11 जून 2020 को कंपनी के बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया है।

2. भारतीय लेखांकन मानक (''इंड एएस'') का अनुप्रयोग

इन इंड एएस वित्तीय विवरणों को को तैयार करने में वित्तीय विवरणों को अधिकृत किए जाने तक कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियम, 2015 (यथा संशोधित) के अंतर्गत कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी किए गए और अधिसूचित किए गए सभी भारतीय लेखांकन मानकों पर विचार किया गया है।

2.1 जारी किए गए परंतु अभी तक प्रभावी न किए गए मानक

कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय (''एमसीए'') नये मानक या मौजूदा मानकों में संशोधन अधिसूचित करता है। ऐसी कोई अधिसूचना नहीं है जिसे 1 अप्रैल, 2020 को लागू हुआ होता।

3. महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां

3.1 अनुपालन का विवरण

स्टैंड अलोन इंड एएस वित्तीय विवरणों को कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियम, 2015 (यथा संशोधित) के अधीन अधिसूचित भारतीय लेखांकन मानक और भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा तेल एवं गैस उत्पादनकारी गतिविधियों (इंड ए एस) के लिए जारी किए गए लेखांकन संबंधी मार्गदर्शी टिप्पण के अनुसार तैयार किया गया है।

3.2 तैयार करने और प्रस्तुत करने के आधार

वित्तीय विवरणों को ऐतिहासिक लागत आधार पर तैयार किया गया है, सिवाय कुछेक वित्तीय लिखतों को जिन्हें प्रत्येक प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में उचित मूल्यों पर मापा गया है, जैसा कि नीचे लेखांकन नीतियों में वर्णित किया गया है।

वित्तीय विवरण, सिवाय नकद प्रवाह सूचना के, लेखांकन के उपचय आधार का उपयोग करते हुए तैयार किए गए हैं।

ऐतिहासिक लागत सामान्यतः सेवाओं एवं वस्तुओं के विनिमय में दिए गए विचारन के उचित मूल्य पर आधारित होते हैं।

चूँकि परिचालन चक्र को उद्योग की विशिष्ट प्रकृति के कारण सामान्य क्रम में निर्धारित नहीं किया जा सकता है, इसे 12 माह की अवधि के अनुरूप अनुमानित किया गया है। तदनुसार, सभी परिसंपत्तियों और देनदारियां कंपनी अधिनियम, 2013 की संशोधित अनुसूची 3 में निर्धारित कंपनी परिचालन चक्र तथा इंड एएस – 1 'वित्तीय विवरणों की प्रस्तुति' और कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची प्प् में निर्धारित अन्य मानदंडों के अनुसार सभी परिसंपत्तियों व देनदारियों को मौजूदा अथवा गैर मौजूदा के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

कंपनी की कार्यात्मक मुद्रा अमेरिकी डॉलर ('यूएसडी') है (टिप्पणी 4.1 (क) देखें)। स्टैंड अलोन इंड एएस वित्तीय विवरणों को भारतीय रुपये (₹) में प्रस्तुत किया गया है (टिप्पणी 3.16 देखें) और सभी मूल्यों को निकटतम दो अंकीय मिलियन रुपए में, सिवाय अन्यथा वर्णित, पूर्णांकित किया गया है।

चूँकि ये विवरण अधिनिगमन के उपरांत कंपनी द्वारा जारी किए गए प्रथम वित्तीय विवरण हैं, तुलनात्मक वित्तीय अवधि की वित्तीय सूचनाएं नहीं दी गयीं हैं।

उचित मूल्य माप

उचित मूल्य वह मूल्य है जो मौजूदा बाजार स्थितियों के अधीन माप तिथि को किसी आस्ति की बिक्री से प्राप्त होगी अथवा बाजार प्रतिभागियों के बीच एक व्यवस्थित लेन–देन में किसी देनदारी को अंतरित करने के लिए भुगतान किया जाएगा।

कंपनी उचित मूल्य पर निर्धारित आस्तियों और देनदारियों को उनके निर्धारण में नियोजित आदानों को प्रेक्षित करने की क्षमता पर निर्भर करते हुए तीन स्तरों में से किसी एक स्तर में वर्गीकृत करती है, जिनका नीचे वर्णन किया गया है :

(क) स्तर 1 आदान समान आस्तियों अथवा देनदारियों के लिए सक्रिय बाजारों में तयशुदा मूल्य (गैर समायोजित) हैं।

(ख) स्तर 2 आदान आस्ति अथवा देनदारी के लिए स्तर – 1 के अंतर्गत शामिल तयशुदा मूल्य को छोड़कर, वे आदान हैं जो या तो प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः प्रेक्षणीय हैं।

(ग) स्तर 3 आदान आस्ति अथवा देनदारी के प्रेक्षणीय आदान हैं, जो प्रेक्षणीय संबंधित बाजार आंकड़ों अथवा बाजार प्रतिभागियों द्वारा मूल्य निर्धारण के बारे में कंपनी के आकलनों को दर्शाते हैं।

3.3 संयुक्त प्रचालनों में हित

कोई संयुक्त प्रचालन वह संयुक्त व्यवस्था है जिसके तहत उन पक्षकारों का आस्तियों पर संयुक्त अधिकार होता है, और इस व्यवस्था से संबंधित देनदारियों का दायित्व होता है।

संयुक्त प्रचालनों से हुई आय और व्यय के साथ आस्तियों और देनदारियों में कंपनी के हिस्से को इसके भाग के आउटपुट की बिक्री से हुई कंपनी की आय और कोई देनदारियां और व्यय जो कंपनी ने संयुक्त प्रचालनों के लिए वहन किया है, सिवाय मूल्यह्रास, सर्वेक्षण और क्षरण के जो कंपनी की लेखांकन नीतियों के अनुरूप हुए व्यय, के साथ व्यवस्था के अनुसार कंपनी के वित्तीय विवरणों में उसी तरह के मदों के साथ लाइन दर लाइन आधार पर विलयित किया जाता है।

ऐसे क्षेत्रों के हाइड्रोकार्बन भंडारों को कंपनी के भागीदारी अधिकार के अनुपात में शामिल किया जाता है।

3.4 साझा नियंत्रण कारोबार संयोजन

साझा नियंत्रण कारोबार संयोजन का अर्थ है कोई कारोबार संयोजन जिसमें वे निकाय और कारोबार शामिल हैं जिनमें सभी संयोजक या कारोबार अंततः उसी पक्षकार द्वारा नियंत्रित होते हैं, जो कारोबार संयोजन से पहले और बाद में थे, और यह नियंत्रण अस्थायी नहीं होते हैं।

कंपनी इंड एएस के परिशिष्ट ग के अनुसार लेखांकन के हित समुच्चयन पद्धति का उपयोग करते हुए साझा नियंत्रण के अधीन इसके कारोबार संयोजन के लिए लेखा जोखा रखती है। अधिग्रहणकर्ता के निर्धारण योग्य परिसंपत्तियों, देयताओं और आकस्मिक देयता जो मान्यता की परिभाषा पर खरे उतरते हैं, को अधिग्रहण की तिथि को उनकी वहन राशि पर अभिज्ञात किया जाता है। अंतरणकर्ता की आरक्षित निधियों को संरक्षित रखा जाता है और उसी प्ररूप में अंतरिती के वित्तीय विवरणों में अभिज्ञात किया जाता है जिस प्ररूप में अंतरणकर्ता के वित्तीय विवरणों में दर्शाया गया होता है। अधिग्रहण तिथि, यदि यह ऐसी तिथि से पूर्व स्थापित की जाती है, पहले की अवधि की शुरूआत होती है। तथापि, यदि कारोबार संयोजन ऐसी तिथि के पश्चात होता है, तो अधिग्रहण तिथि उसी तिथि को माना जाता है।

वित्तीय विवरणों में उन संयोजनकारी निकायों या कारोबारों के वित्तीय विवरण शामिल होते हैं जिनमें साझे नियंत्रण संयोजन होते है जैसे कि वे उस तिथि से संयोजित हुए थे जब संयोजनकारी निकाय या कारोबार पहली बार नियंत्रक पक्षकार के नियंत्रण अधीन आए थे।

आय विवरण में प्रत्येक संयोजनकारी निकायों या कारोबारों के प्रस्तुत पूर्वतम तिथि या उस तिथि से जब संयोजनकारी निकाय या कारोबार साझे नियंत्रण अधीन आए थे, जो भी अवधि छोटी हो, के परिणाम शामिल होते हैं, चाहे साझे नियंत्रण संयोजन की तिथि कुछ भी हो।

वित्तीय विवरणों में तुलनात्मक राशियां इस प्रकार प्रस्तुत की जातीं हैं जैसे कि निकाय या कारोबार पिछली तुलन पत्र तिथि से संयोजित किए गए थे या जब वे पहली बार साझे नियंत्रण अधीन आए थे, जो भी अवधि छोटी हो। चूँकि कंपनी के अधिनिगमन के पश्चात यह प्रथम वर्ष है, कोई तुलनात्मक आंकड़े प्रस्तुत नहीं किए जा रहें हैं।

पेशेवर शुल्क, पंजीकरण शुल्क सहित अंतरण लागत, शेयरधारकों को सूचना प्रस्तुत करने की लागत, पूर्ववर्ती अलग अलग कारोबारों के संयोजन में व्यय की गयी लागतें या हानियां इत्यादि, जिन्हें साझे नियंत्रण संयोजन के संबंध में व्ययित किए गए थे, उनका लेखा जोखा हित समुच्चयन पद्धति का उपयोग करते हुए किया गया था, को उस वर्ष के व्यय में अभिज्ञात किया गया है जिस वर्ष में वह हुआ था।

3.5 संपत्ति, संयंत्र और उपकरण (तेल एवं गैस आस्तियों को छोड़कर)

उत्पादन, आपूर्ति अथवा प्रशासनिक प्रयोजनों के लिए निर्माण के क्रम में संपत्ति, संयंत्र और उपकरण (पीपीई) को लागत, ह्रास कोई मान्य क्षरण हानि पर दर्शाया जाता है। किसी आस्ति की लागत में इसका क्रय मूल्य अथवा इसके निर्माण की लागत (लागू कर समंजन के निवल), उस स्थान पर आस्ति को लाने और प्रबंधन द्वारा इच्छित तरीके से परिचालन में सक्षम बनाने के लिए अनिवार्य अवस्था में लाने के लिए कोई प्रत्यक्ष लागत और टिप्पणी 3.12 के अनुसार डिकमिशनिंग लागत शामिल होती है। इसमें वृत्तिक शुल्क और, अर्हक आस्तियां के लिए, उधार लागत जो कंपनी की लेखांकन नीति के अनुसार पूंजीकृत किया गया है, शामिल होता है। ऐसी संपत्तियां जब अभीष्ट उपयोग के लिए पूर्ण और तैयार हो जाती हैं, उन्हें पीपीई के उपयुक्त श्रेणी में वर्गीकृत किया जाता है। पीपीई के किसी मद के भाग, जिनके भिन्न उपयोगी जीवन काल होते हैं और महत्वपूर्ण मूल्य होता है और संपत्ति, संयंत्र और उपकरण पर पूंजीगत सुधार अथवा अन्य कारकों से प्रोद्भूत बाद के व्यय को पृथक घटक के रूप में दर्शाया जाता है।

इन पीपीई का मूल्यह्रास तब शुरू होता है जब ये परिसंपत्तियां अभीष्ट उपयोग के लिए तैयार हो जातीं हैं।

मूल्य ह्रास पीपीई (पूर्ण स्वामित्व भूमि, तेल एवं गैस आस्तियां और निर्माणाधीन संपत्तियों को छोड़कर) की लागत से उनके अवशिष्ट मूल्य को घटाकर प्रदान की जाती है, जैसा कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची प्प में यथा उल्लिखित पीपीई के उपयोगी जीवन काल पर बट्टे खाते डाले गए मूल्य पद्धति का उपयोग करते हुए या कंपनी के तकनीकी आकलन के आधार पर प्रदान किया जाता है। प्रबंधन मानता है कि नीचे प्रदत्त उपयोगी जीवनकाल उस अवधि को सर्वश्रेष्ठ रूप से निरूपित करता है जिस अवधि में प्रबंधन इन आस्तियों का उपयोग करने की प्रत्याशा रखता है। ब्लॉकों से संबंधित पीपीई के मामले में जहॉ लाइसेंस अवधि पीपीई के उपयोगी जीवनकाल से कम होती है, कंपनी उस वित्तीय वर्ष में पीपीई को बट्टे खाते डाल देती है जिस वर्ष में लाइसेंस समाप्त हो जाता है या यदि उस पीपीई से कोई भावी आर्थिक लाभ की प्रत्याशा नहीं होती है, ब्लॉक अभ्यर्पित कर दिया जाता है। इन आस्तियों का प्राक्कलित उपयोगी जीवन काल इस प्रकार है :–

विवरण	वर्ष
फर्निचर एवं जुडनार	3 से 10
वाहन	5 से 20
कार्यालय उपकरण	3 से 15

अनुमानित उपयोगी जीवनकाल, अपशिष्ट मूल्यों तथा मूल्यह्रास पद्धति की समीक्षा वार्षिक आधार पर की जाती है और आवश्यक होने पर अनुमानों में परिवर्तन संदर्शी रूप से किए जाते हैं।

वर्ष के दौरान पीपीई (तेल तथा गैस परिसंपत्तियों के अतिरिक्त) पर वर्धन/कटौती के संबंध में मूल्यह्रास का प्रावधान यथानुपात आधार पर वर्धन/हटाए जाने की तिथि के संदर्भ में किया जाता है सिवाय 100 अमेरिकी डॉलर' से अधिक न होने वाली निम्न मूल्य मदों के जिनका पूर्ण मूल्यह्रास वर्धन के समय पूरी तरह से कर दिया जाता है।

*100 अमेरिकी डॉलर = 31 मार्च 2020 को ₹ 7,548.00।

पीपीई (तेल तथा गैस परिसंपत्तियों के अतिरिक्त) पर पूंजीगत सुधार या अन्य कारकों के चलते बाद में किए जाने वाले व्यय हेतु उसके शेष उपयोगी जीवनकाल पर मूल्यह्रास संदर्शी रूप से मुहैया करवाया जाता है।

नवीकृत/पुनःस्थापित पीपीई (तेल तथा गैस परिसंपत्तियों के अलावा) पर मूल्यह्रास, जिन्हें पृथक रूप से पूंजीकृत किया जाता है, पुनः आंकलित उपयोगी जीवनकाल पर किया जाता है।

अन्वेषणात्मक/विकास ड्रिलिंग हेतु प्रयुक्त सहायक उपकरण तथा सुविधाओं सहित पीपीई (तेल तथा गैस परिसंपत्तियों के अलावा) पर मूल्यह्रास को प्रारंभ में ड्रिलिंग लागत के भाग के रूप में पूंजीकृत किया जाता है और उसका व्यय/निपटान नोट 3.10 के अनुसार किया जाता है। सर्वेक्षण क्रियाकलापों हेतु नियोजित उपकरण/परिसंपत्तियों पर मूल्यह्रास को लाभ एवं हानि के विवरण पर प्रभारित किया जाता है।

पीपीई के किसी मद को निपटान के समय अथवा परिसंपत्ति के सतत् उपयोग से भविष्य में कोई आर्थिक लाभ प्रत्याशित न होने पर विमान्य कर दिया जाता है। पीपीई की किसी मद के निपटान या हटाए जाने पर होने वाले किसी लाभ या हानि का निर्धारण बिक्री प्राप्तियों तथा परिसंपत्ति की अग्रनीत राशि के मध्य अंतर के रूप में किया जाता है और उसे लाभ एवं हानि विवरण प्रदान की जाती है।

3.6 अमूर्त आस्तियां

(i) अलग से अधिग्रहित की गई अमूर्त आस्तियां :

निश्चित उपयोगी जीवनकाल वाली अमूर्त आस्तियां जिन्हें पृथक रूप से अधिग्रहित किया जाता है, उन्हें लागत ह्रास संचित परिशोधन तथा क्षरण हानियो पर लिया जाता है। परिशोधन को पूंजीकरण की तिथि से 5 वर्ष से अधिक न होने वाली उनके उपयोगी जीवनकाल पर सीधी रेखा आधार पर मान्यता दी जाती है। अनुमानित उपयोगी जीवनकाल की समीक्षा प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में की जाती है और अनुमान में किसी परिवर्तन के प्रभाव को संदर्शी रूप से रेखांकित किया जाता है।

किसी अमूर्त परिसंपत्ति को निपटान अथवा उपयोग या निपटान से भविष्य मे कोई आर्थिक लाभ न होने की संभावना पर विमान्य किया जाता है। किसी अमूर्त परिसंपत्ति को विमान्य किए जाने से उत्पन्न होने वाले लाभों तथा हानियों का मापन निवल निपटान प्राप्तियों तथा परिसंपत्ति की अग्रनीत राशि के मध्य अंतर के रूप में किया जाता है और इसे परिसंपत्ति को विमान्य किए जाने पर लाभ एवं हानि विवरण में दर्शाया जाता है।

(ii) विकास के अधीन अमूर्त आस्तियां– निर्माणाधीन अन्वेषणात्मक कुएं :

अन्वेषणात्मक तथा मूल्यांकन कुओं के ड्रिलिंग तथा उन्हें उपकरण प्रदान किए जाने में वहन की गई सारी अन्वेषण तथा मूल्यांकन लागतों को प्रारंभ में विकास के अधीन अमूर्त परिसंपत्तियों–निर्माणाधीन अन्वेषणात्मक कुएं के रूप में पूंजीकृत किया जाएगा जब तक कि इन्हें या तो नोट संख्या 3.8 के अनुसार पूर्णता पर तेल तथा गैस परिसंपत्तियों को अंतरित करवाया जाए अथवा शुष्क या और उपयोग न होने, जैसा भी मामला हो, वाले के रूप में निर्धारित किए जाने के पश्चात अन्वेषण तथा मूल्यांकन लागत के रूप में व्यय दर्शाया जाता है।

अन्वेषणात्मक प्रकार के स्ट्रेटीग्राफिक जांच कुओं की ड्रिलिंग की लागत को प्रारंभ में विकास के अधीन अमूर्त परिसंपत्तियों–निर्माणाधीन अन्वेषणात्मक कुएं के रूप में पूंजीकृत किया जाता है जब तक कि इन्हें या तो नोट संख्या 3.8 के अनुसार पूर्णता पर तेल तथा गैस परिसंपत्तियों को अंतरित करवाया जाए अथवा शुष्क या पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस के परित्यक्त के रूप में निर्धारित किया जाता है।

अन्वेषणात्मक कुओं के वेधन की लागत को तब तक अग्रेनित नहीं किया जाता है जब तक यह तर्कसंगत रूप से दर्शाया न जाए कि पर्याप्त मात्रा में भडारो के संकेत है, भंडारो का आकलन करने में पर्याप्त प्रगति हुई है तथा परियोजना आर्थिक एवं प्रचालन रूप से अर्थक्षम है। अग्रेणित की गयीं ऐसी सारी लागतें कंपनी की नीति के अनुसार क्षति हेतु समीक्षा के अधीन हैं।

3.7 मूर्त तथा अमूर्त परिसंपत्तियों का क्षरण

कंपनी प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में किसी "रोकड़ सृजक इकाई" (सीजीयू) की अपनी मूर्त (तेल तथा गैस आस्तियां, निर्माणाधीन विकास कुएं (डीडब्ल्यूआईपी)), और संपत्ति, संयंत्र और उपकरण (निर्माणाधीन पूंजीगत कार्यों सहित) तथा अमूर्त परिसंपत्तियों के प्रदर्शित मूल्य की समीक्षा यह निर्धारित करने के लिए करती है कि क्या इसका कोई संकेत है कि ऐसी परिसंपत्तियों को क्षरण हानि हुई है। यदि ऐसा कोई संकेत मौजूद होता है तो परिसंपत्ति की वसूली योग्य राशि का अनुमान क्षरण हानि (यदि कोई हो) की सीमा के निर्धारण के लिए लगाया जाता है। जब किसी पृथक संपत्ति की वसूली योग्य राशि का अनुमान लगाना संभव नहीं होता तो कंपनी उस परिसंपत्ति के नकदी सृजक इकाई की वसूली योग्य राशि का अनुमान लगाता है।

वसूली योग्य राशि उचित मूल्य ह्रास निपटान की लागत तथा उपयोग के मूल्य में से जो भी उच्चतर हो, होगी। उपयोग में होने वाले मूल्य का आकलन करते समय अनुमानित भविष्य के नकदी प्रवाहों को एक कर–पूर्व छूट दर का उपयोग करते हुए उनके वर्तमान मूल्य पर छूट दी जाती है जो आस्ति के उस समय के मूल्य के वर्तमान बाजार आकलन और उस परिसपंत्ति से जुड़े विशिष्ट जोखिमों को दर्शाता है जिसके लिए भविष्य के नकदी प्रवाह के अनुमानों को समायोजित नहीं किया गया है।

यदि किसी परिसंपत्ति (अथवा नकदी सृजक इकाई) की वसूली योग्य राशि का अनुमान इसकी अग्रनीत राशि से कम लगाया गया हो तो परिसंपत्ति (अथवा नकदी सृजक इकाई) की अग्रनीत राशि को कम करके उसकी वसूली योग्य राशि तक लाया जाता है। क्षरण हानि को तत्काल लाभ एवं हानि स्टैंड अलोन विवरण में मान्यता दी जाती है।

चूँकि प्रत्येक वित्त वर्ष के अंत में यह देखने के लिए एक आकलन किया जाता है कि इसके कोई संकेत हैं कि पहले पहचान की गई क्षरण हानि के कोई संकेत अब मौजूद हैं अथवा कम हो गए हैं। पिछली क्षरण हानि को मान्यता दिए जाने के समय से परिसंपत्ति की वसूली योग्य राशि के निर्धारण में प्रयुक्त अनुमानों में कोई परिवर्तन होने से क्षरण हानि को वापिस किया जाता है। यदि ऐसा हो तो परिसंपत्ति की अग्रनीत राशि को बढ़ाकर इसके वसूली योग्य मूल्य से कम पर लाया जाता है और मूल्यह्रास के निवल निर्धारित की गई अग्रनीत राशि में पिछले वर्षों हेतु किसी क्षति हानि को मान्यता नही दी जाती है। वापिस किए जाने के पश्चात मूल्यह्रास प्रभार को भविष्य की अवधियों में परिसंपत्ति की संशोधित अग्रनीत राशि को आवंटित किया जाता है, किसी अपशिष्ट मूल्य को घटाते हुए, इसके शेष उपयोगी जीवनकाल में एक व्यवस्थित आधार पर क्षरण हानि की वापसी को लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता दी जाती है।

अन्वेषणात्मक चरण के दौरान क्षरण हानि को क्षेत्र / परियोजना स्तर पर किया जाता है जब निकट भविष्य में आगे के अन्वेषण क्रियाकलापों की योजना नहीं बनाई जाती अथवा जब यह दर्शाने के लिए पर्याप्त डाटा मौजूद होता है, यद्यपि विशिष्ट क्षेत्र में विकास के होने की संभावना है, अन्वेषण परिसंपत्ति की अग्रनीत राशि को सफल विकास या बिक्री द्वारा पूरी तरह से वसूले जाने की संभावना नहीं है। क्षति को बाद में इस सीमा तक वापिस किया जाता है कि क्षति की स्थितियां अब मौजूद नहीं हैं।

3.8 अन्वेषण एवं मूल्यांकन, विकास और उत्पादन लागत

(I) अधिग्रहण पूर्व लागत

तेल एवं गैस के अन्वेषण, विकास और उत्पादन के अधिकार को प्राप्त करने से पूर्व किए गए व्यय जब जब वहन किया जाता है, व्यय में दिखाया जाता है।

(ii) अर्जन लागत

अर्जन लागत में, किसी संपत्ति अथवा प्रमाणित या अप्रमाणित खनिज अधिकार क्रय करने, पट्टे पर लेने अथवा अन्यथा अर्जन करने पर आने वाली सारी लागतें शामिल होती हैं और इनका लेखांकन कार्य निम्नानुसार किया जाता है :

अन्वेषण और विकास चरण

अन्वेषण या विकास के अंतर्गत आने वाली परियोजनाओं से संबंधित अधिग्रहण लागत को प्रारंभ में क्रमशः विकासाधीन अमूर्त आस्तियां – क्रमशः निर्माणाधीन अन्वेषणात्मक कुएं अथवा विकासाधीन तेल और गैस आस्तियां – निर्माणाधीन विकास कुएं के रूप में लेखांकित किया जाता है। ऐसी लागतों को तब तेल और गैस परिसंपत्तियों को अंतरित करते हुए पूंजीकृत किया जाता है जब कूप वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने के लिए तैयार हो जाता है। परित्याग / छोड़ दिए जाने के मामले में, ऐसी लागतों को बट्टे खाते में डाला जाता है।

उत्पादन चरण :

उत्पादनशील तेल एवं गैस परिसंपत्ति की अधिग्रहण लागत को तेल तथा गैस परिसंपत्ति के अंतर्गत प्रमाणित संपत्ति अधिग्रहण लागत के रूप में पूंजीकृत किया जाता है और अंतर्निहित परिसंपत्तियों के प्रमाणित भंडारों पर उत्पादन पद्धति की इकाई का उपयोग करते हुए परिशोधित किया जाता है।

(iii) सर्वेक्षण लागत

तेल एवं गैस की खोज में संपादित सर्वेक्षण और संभावना तलाश क्रियाकलापों की लागतों को अन्वेषण लागत के रूप में उसी वर्ष के व्यय में दर्शाया जाता है, जिस वर्ष में उन्हें व्यय किया जाता है।

(iv) विकासाधीन तेल और गैस परिसंपत्ति – निर्माणाधीन विकास कुएं

विकास कुओं से संबंधित सभी लागतों को प्रारंभ में ''निर्माणाधीन विकास कुए'' के रूप में पूंजीकृत किया जाता है और ''पूर्णता'' पर ''तेल और गैस परिसंपत्तियों'' के अंतर्गत अंतरित कर दिया जाता है।

(v) उत्पादन लागत

उत्पादन लागत में सहायक उपस्कर एवं सुविधाओं के मूल्यह्रास एवं लागू प्रचालन लागतों सहित कूप–पूर्व शीर्ष एवं कूप–पश्चात शीर्ष व्यय सम्मिलित रहते हैं।

3.9 प्रतिभागिता अधिकारों से संबंधित अर्जन लागतों का क्षरण

क्षरण जॉच के प्रयोजनों के लिए, कंपनी के प्रत्येक सीजीयू (अथवा सीजीयू के समूह) जिन्हें संयोजन की सहक्रियाओं से लाभ प्राप्त होना अपेक्षित है, को अर्जन लागत आवंटित किया जाता है।

कोई सीजीयू जिसे अर्जन लागत आवंटित किया जाता है, का वार्षिक रूप से क्षरण के लिए जॉच की जाती है, जब यह संकेत मिलता है कि उस सीजीयू मे क्षरण हो सकता है। यदि रोकड़ सृजक इकाई की वसूली योग्य राशि इसके बही मूल्य से कम होता है, क्षरण हानि पहले उस इकाई को आवंटित किसी अर्जक लागत के बही मूल्य को कम करने के लिए आवंटित की जाती है और फिर इस इकाई के प्रत्येक परिसंपत्ति के बही मूल्य के आधार पर अनुपातिक आधार पर सीजीयू की अन्य परिसंपत्तियों को आवंटित किया जाता है। अर्जन लागत के लिए स्वीकृत क्षरण हानि को बाद की अवधियों में वापस नहीं किया जाता है।

संबंधित सीजीयू के निपटान पर, अर्जन लागत पर आरोप्य बही मूल्य को निपटान पर लाभ अथवा हानि के निर्धारण में शामिल किया जाता है।

3.10 तेल और गैस परिसंपत्तियां

तेल एवं गैस परिसंपत्तियों को ऐतिहासिक लागत में से संचित निःशेषण और क्षरण हानियों को घटाकर दर्शाया जाता है। जब किसी क्षेत्र/परियोजना में कोई कूप वाणिज्यिक उत्पादन के लिए तैयार हो जाता है, तब इन्हें प्रमाणित विकसित तेल एवं गैस भंडारों वाले क्षेत्र/परियोजना के वास्ते सृजित किया जाता है।

भूमि के अस्थायी अधिभोग, सफल अन्वेषणात्मक कूपों, सभी विकसित कूप (सेवा कूप सहित), वेधन हेतु प्रयुक्त सम्बद्ध उपस्कर पर मूल्यह्रास एवं अनुमानित भावी डिकमिशनिंग लागतों को पूंजीगत किया जाता है तथा इन्हें तेल एवं गैस संपत्तियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

तेल तथा गैस परिसंपत्तियों का निःशेषण "उत्पादन की यूनिट पद्धति" का उपयोग करते हुए किया जाताहै। निःशेषण की दर की गणना रक्षित संपत्ति मूल्य के निवल आकलित भावी डिकमिशनिंग लागत सहित संबंधित प्रमाणित विकसित भंडारों और संबंधित पूंजीगत लागतों (सिवाय अधिग्रहण लागत) पर विचार कर किसी क्षेत्र / परियोजना / परिशोधन आधार के संदर्भ में की जाती है। तेल तथा गैस परिसंपत्तियों की अधिग्रहण लागत को प्रमाणित भण्डारों पर विचार करते हुए निःशेषण किया जाता है। इन भण्डारों का अनुमानन वार्षिक आधार पर मूल कम्पनी ओएनजीसी द्वारा गठित भण्डार आकलन समिति (आरईसी) द्वारा किया जाता है जो अंतर्राष्ट्रीय भण्डार अभियांत्रिकी प्रक्रियाओं का पालन करती है।

3.11 साइड ट्रैकिंग

अन्वेषणात्मक कुएं के मामले में, साइड ट्रैकिंग की लागत के साथ वैसा ही व्यवहार किया जाता है जैसा कि किसी नए अन्वेषणात्मक कुएं पर व्यय की गई लागत के साथ। साइड ट्रैक किए गए अन्वेषणात्मक कुओं के परित्यक्त कूप की लागत को ''बट्टे खाते डाली गयी अन्वेषणात्मक कूप लागत'' के रूप में व्यय दर्शाया जाता है।

विकास कुएं के मामले में, परित्यक्त भाग और साइड ट्रैकिंग की समूची लागत को पूंजीकृत किया जाता है।

उत्पादक कुओं और सेवा कुओं के मामले में, यदि साइड ट्रैकिंग अतिरिक्त प्रमाणित विकसित तेल तथा गैस भण्डारों में परिणत होती है या कार्य–निष्पादन के पूर्व में आकलित मानक से परे भविष्य के आर्थिक लाभों में वृद्धि करती है, तो साइड ट्रैकिंग पर व्ययित लागत को पूंजीकृत किया जाता है, जबकि कुएं के परित्यक्त भाग की लागत का निःशेषण टिप्पणी 3. 10 में उल्लिखित लेखांकन नीति के अनुसार किया जाता है। अन्यथा साइड ट्रैकिंग की लागत को ''वर्क–ओवर व्यय'' के रूप में व्यय दर्शाया जाता है।

3.12 डिकमिशनिंग लागतें

डिकमिशनिंग लागतों में पुनःस्थापन की लागत शामिल होती है। डिकमिशनिंग लागतों हेतु प्रावधानों को मान्यता तब दी जाती है जब कंपनी की किसी कुएं को प्लग तथा परित्याग करने, किसी सुविधा अथवा संपत्ति, संयंत्र तथा उपकरण की मद को हटाना हो और जिस स्थल पर वह स्थित था उसका पुनःस्थापन करने का कोई संविदात्मक, कानूनी या निर्माण संबंधी बाध्यता हो।

स्वीकृत राशि वर्तमान मूल्यों पर मौजूदा प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए निर्धारित अनुमानित भावी व्यय है और डिकमिशनिंग की प्रत्याशित तिथि तक उपयुक्त मुद्रास्फीति दर का उपयोग करते हुए बढ़ाई जाती है और उपयुक्त जोखिम रहित बट्टा दर का उपयोग करते हुए संसूचना तिथि तक कम की जाती है।

इन अवधारणाओं में किसी तात्विक परिवर्तनों को समाहित करने के लिए इन आकलनों का वार्षिक रूप से समीक्षा की जाती है।

डिकमिशनिंग प्रावधान की समतुल्य राशि को संबंधित परिसंपत्तियों की लागतों के साथ स्वीकृति दी जाती है। शुष्क अन्वेषणात्मक कुएं से संबंधित डिकमिशनिंग लागत को अन्वेषणात्मक कूप लागत के रूप में व्यय दर्शाया जाता है।

आवधिक छूट वापसी के अलावा प्राक्कलित डिकमिशनिंग व्यय के वर्तमान मूल्य में किसी परिवर्तन को संबंधित परिसंपत्ति के डिकमिशनिंग प्रावधान और बही मूल्य में समायोजित किया जाता है। यदि प्रावधान वापसी संबंधित परिसंपत्ति के बही मूल्य से अधिक होती है, आधिक्य राशि को लाभ और हानि स्टैंड अलोन लेखा विवरण में दर्शाया जाता है। प्रावधान पर छूट वापसी को लाभ और हानि के स्टैंड अलोन लेखा विवरण में वित्तीय लागत के रूप में प्रभारित किया जाता है।

तथापि, वास्तविक डिकमिशनिंग लागतें अंततः आवश्यक अनिवार्य डिकमिशनिंग कार्य के लिए भावी बाजार मूल्य पर निर्भर करेगा जो संबंधित समय में बाजार स्थिति, यदि कोई हो, को परिलक्षित करेगा। इसके अलावा, डिकमिशनिंग का समय उस पर निर्भर करने की संभावना है जब फील्ड अर्थक्षम दरों पर उत्पादन करना बंद कर देता है।

संयुक्त प्रचालनों के अधीन आने वाली परिसंपत्तियों के मामले में डिकमिशनिंग लागत के लिए किए गए प्रावधान को कंपनी के प्रतिभागी हित के अनुरूप विचार किया जाता है।

3.13 मालसूची (इन्वेंट्रीज)

पाइपलाइन / टंकियों की मालसूची सहित और खनिज तेल तथा कन्डेसंट को लागत मूल्य या शुद्ध वसूली योग्य मूल्य, जो भी कम हो, पर मूल्य निर्धारित किया जाता है। तैयार माल की लागत अन्वेषण लागत निर्धारण विधि से निर्धारित किया जाता है। मालसूची के मूल्य में रॉयल्टी भी शामिल होती है (जहॉ कहीं भी लागू हो)।

समूह एकत्रीकरण स्टेशनों (जीजीएस) पर अर्द्ध–परिशोधित कच्चे तेल को अवशोषण लागत पद्धति से अथवा शुद्ध प्राप्य मूल्य, जो भी कम हो, पर मूल्यांकित किया जाता है।

भंडारों की मालसूची और अतिरिक्त पूर्जों को भारित औसत लागत अथवा निवल प्राप्य मूल्य, जो भी कम हो, पर मूल्यांकित किया जाता है।

गैर–सेवायोज्य तथा निष्प्रयोज्य मदों के निर्धारण पर अनुमानित निवल वसूली योग्य मूल्य पर उनकी गणना की जाती है।

3.14 राजस्व स्वीकृति

राजस्वों को तब मान्यता दी जाती है जब कंपनी वादा किया हुआ उत्पाद या सेवा किसी ग्राहक को हस्तांतरित कर निष्पादन दायित्व को पूरा करती है। कोई उत्पाद तब हस्तांतरित होता है जब ग्राहक उस उत्पाद का नियंत्रण प्राप्त कर लेता है, जो ग्राहक को अभिरक्षा हस्तांतरण की बिन्दु पर है जहॉ सामान्यतः स्वामित्व हस्तांतरित किया जाता है, बशर्ते कि संविदा मूल्य नियत हो या निर्धारण योग्य हो और प्राप्य की संग्रहणीयता तर्कसंगत रूप से आश्वासित हो।

ऐसी प्रत्येक बिक्री सामान्यतया एकल निष्पादन दायित्व को निरुपित करती है।

किसी सेवा से प्राप्त राजस्व को उस लेखांकन अवधि मे मान्य किया जाता है जिस अवधि में यह सेवा संविदात्मक रूप से सहमत दरों पर प्रदान की जाती है।

राजस्व को प्राप्त या प्राप्य वस्तु के लेनदेन मूल्य पर मापा जाता है और यह वस्तुओं और सेवाओं के लिए प्राप्य राशि जो कारोबार के सामान्य संचालन में, छूटों और लागू करों इत्यादि के निवल राशि को निरुपित करता है। मूल्यों में किसी भूतलक्षी पुनरीक्षण को निष्पादन दायित्व की संतुष्टि के समय आकलित किया जाता है। किसी और ट्रूअप को ऐसे पुनरीक्षण के वर्ष में अभिज्ञात किया जाता है।

कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस संपत्तियां, जिसमें कंपनी का अन्य उत्पादकों के साथ अधिकार है, से राजस्व को उस अवधि के दौरान उठायी गयी वास्तविक मात्रा के आधार पर अभिज्ञात किया जाता है। रिपोर्टिंग तिथि को खनित तेल की हकदारी मात्रा और उठायी गयी मात्रा के बीच के किसी अंतर को, यदि धनात्मक (अर्थात् उठायी गयी मात्रा कम) होता है तो आनुपातिक उत्पादन व्यय को पूर्व भुगतान किया गया व्य माना जाता है और यदि ऋणात्मक (अर्थात् उठायी गयी मात्रा अधिक) होता है तो संयुक्त प्रचालन समझौता (जेओए) / उत्पादन साझीदारी करार (पीएसए) के अनुसार उत्पादन व्यय के कंपनी के आनुपातिक हिस्से के सर्वश्रेष्ठ आकलन के लिए एक लाभ एवं हानि विवरण में संगत परिवर्तन के साथ संगत प्रभार वाले कच्चे तेल की अधिक उठान मात्रा के निपटान के मद में एक देयता सृजित की जाती है।

3.15 विदेशी मुद्रा में लेन–देन

कंपनी की व्यावहारिक मुद्रा अमेरिकी डॉलर ('यूएसडी') है जो प्राथमिक आर्थिक परिवेश, जिसमें यह परिचालित होता है, की मुद्रा दर्शाता है।

इंड एएस 21 के अनुसार – कंपनी की व्यावहारिक मुद्रा (विदेशी मुद्रा) के अलावा किसी अन्य मुद्रा में लेन–देन को लेन–देन की तिथियों को प्रचलित विनिमय दरों पर दर्शाया जाता है। प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में विदेशी मुद्राओं में दर्शायी गई मौद्रिक मदों को रिपोर्टिंग अवधि के अंतिम दिवस को प्रचलित विनिमय दर का उपयोग करके परिवर्तित किया जाता है। गैर मौद्रिक मदों जिन्हें विदेशी मुद्रा में ऐतिहासिक दरों पर मापा जाता है, को पुनः रूपांतरित नहीं किया जाता है।

मौद्रिक मदों पर विनिमय अंतरों को उस अवधि के लाभ तथा हानि के स्टैंड अलोन विवरण में मान्यता दी जाती है जिस अवधि में वे उत्पन्न होते हैं।

वैसे मौद्रिक मदों पर उत्पन्न विनिमय अंतर जो कंपनी के विदेशी प्रचालन में निवल निवेश के भाग होते हैं, को लाभ एवं हानि के स्टैंड अलोन लेखा विवरण में दर्शाया जाता है।

3.16 प्रस्तुति मुद्रा में रूपांतरण

कंपनी ने इन एकल वित्तीय विवरणों को भारतीय रूपये ;ष्द्ध में प्रस्तुत किया है। कंपनी ने अपने परिणामों और वित्तीय स्थितियों को व्यावहारिक मुद्रा (यूएसडी) से प्रस्तुति मुद्रा ;ष्द्धमें रूपांतरित करने के लिए निम्नलिखित सिद्धांतों का अनुप्रयोग किया है :

- प्रत्येक प्रस्तुत तुलन–पत्र के लिए परिसंपत्तियों और देनदारियों (इक्विटी शेयर पूंजी और अन्य आरक्षित निधि को छोड़ कर) को तुलन पत्र की तिथि की अंतिम दर (31 मार्च 2020 को : 1 अमेरिकी डॉलर त्र् 75.48') पर रूपांतरित किया गया है;
- इक्विटी शेयर पूंजी, लंबित शेयर आवंटन के शेयरधारक अग्रिम सहित, को लेन–देन की तिथियों की विनिमय दरों पर रूपांतरित किया गया है। पूंजीगत आरक्षित निधि को लेन–देन की तिथि की विनिमय दरों पर रूपांतरित किया गया है। अन्य आरक्षित निधियों को उस अवधि के दौरान, जिससे वह संबंधित है, की औसत विनिमय दरों का उपयोग करते हुए रूपांतरित किया गया है।
- लाभ तथा हानि के प्रत्येक स्टैंड अलोन विवरण के लिए आय एवं व्यय को लेन–देन की तिथि की विनिमय दरों पर रूपांतरित कर प्रस्तुत किया गया है सिवाय कुछ मदों को, जिनके लिए उस अवधि के औसत विनिमय दरों (31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष : 1 अमेरिकी डॉलर त्र् 70.9150') का उपयोग किया गया है।
- सभी परिणामी विनिमय अंतरों को 'विदेशी प्रचालनों के वित्तीय विवरणों के रूपांतरण में विनिमय अंतर' के रूप में अन्य व्यापक आय में दर्शाया गया है, जिन्हें बाद में विदेशी प्रचालनों के निपटान पर लाभ अथवा हानि के रूप में पुनर्वर्गीकृत किया जाएगा।

*भारतीय स्टेट बैंक के टेलिग्राफिक अंतरण क्रय और विक्रय दरों के औसत के आधार पर निर्धारित।

3.17 बीमा दावे

कंपनी के बीमा दावों का लेखा इस प्रकार होता है :

परिसंपत्तियों की कुल हानि के मामलों में या तो संबंधित परिसंपत्ति की बही लागत अथवा बीमा मूल्य (छूट के अध्यधीन) जो भी 'वसूली योग्य दावा – बीमा' शीर्ष के अंतर्गत कम है, बीमाकर्ता को सूचित कर अंतरित किए जाते है। जहां बीमा दावे से बही लागत से कम है, इस अंतर को लाभ तथा हानि लेखा मे प्रभारित किया जाता है।

आंशिक अथवा अन्य हानियों के मामले में, ऐसी परिसंपत्ति को उपयोग में लाने के लिए उपगत व्यय/भुगतान तीसरी पार्टी अथवा अन्य देयताओं (पॉलिसी छूट को कम करके), अगर कोई है तो, बीमाकर्ता से 'वसूली योग्य दावा–बीमा' माना गया है। बीमा पॉलिसी कटौतियां संगत व्यय वर्ष में व्यय की जाती हैं।

जब और ज्यों दावे बीमाकर्ता से प्राप्त होते हैं, प्राप्य दावे – बीमा और प्राप्त दावों के बीच अंतर, यदि कोई को स्टैंड अलोन लाभ एवं हानि विवरण में समयोजित किया जाता है।

3.22 आय कर

आय कर व्यय वर्तमान कर और आस्थगित कर के योग को दर्शाता है।

(i) वर्तमान कर

वर्तमान में देय कर वर्ष के लिए कराधीन लाभ पर आधारित होता है। कराधीन लाभ, लाभ एवं हानि के विवरण में यथासूचित "कर पूर्व लाभ" से भिन्न होता है क्योंकि किसी एक वर्ष में आय या व्यय की कर योग्य अथवा कटौती योग्य होने वाली मदें किसी अन्य वर्ष में कर योग्य तथा कटौती योग्य नहीं भी हो सकती हैं। कंपनी के वर्तमान कर की गणना रिपोर्टिंग अवधि के अंत तक अधिनियमित या व्यापक रूप से अधिनियमित कर दरों तथा नियमों का उपयोग करके की जाती है।

(ii) आस्थगित कर

आस्थगित कर को वित्तीय विवरणों में परिसंपत्तियों एवं देयताओं की अग्रनीत राशियों तथा कराधेय लाभ की गणना में प्रयुक्त समतुल्य कर आधारों के बीच अस्थाई अंतरों पर अभिज्ञात किया गया है। आस्थगित कर की देयताओं को सामान्यतया सभी कराधेय अस्थाई अंतरों के लिए अभिज्ञात किया गया है। आस्थगित कर की परिसंपत्तियों को सामान्यतया सभी कटौती योग्य अस्थाई अंतरों के लिए उस सीमा तक अभिज्ञात किया गया है जहॉ तक इस बात की संभावना होती है कि कराधेय लाभ उपलब्ध होंगे जिनके विरुद्ध उन कटौती योग्य अस्थाई अंतरों का प्रयोग किया जा सकता है।

आस्थगित कर परिसंपत्तियों की अग्रनीत राशि की समीक्षा प्रत्येक समीक्षाधीन अवधि के अंत में की जाती है और इस हद तक कम कर दी जाती है कि अब यह सम्भावना नहीं रह जाती है कि आस्थगित कर परिसंपत्ति के सभी या भाग का उपयोग करने की अनुमति देने के लिए पर्याप्त कर योग्य लाभ उपलब्ध होगा।

आस्थगित कर देनदारियों और परिसंपत्तियों को उन कर दरों पर मापा जाता है, जिसके उस अवधि में लागू होने की उम्मीद होती है, जिस अवधि में उन कर दरों (और कर कानून) के आधार पर, जिन्हें रिपोर्टिंग अवधि के अंत तक अधिनियमित किया गया है या पर्याप्त रूप से अधिनियमित किया गया है, देयताओं का निपटान किया जाता है या परिसंपत्ति प्राप्त की जाती है।

आस्थगित कर परिसंपत्तियों और देयताओं को तुलन पत्र में अलग अलग प्रस्तुत किया जाता है, सिवाय जहॉ राजकोषीय अधिकार क्षेत्र के भीतर सेट–ऑफ का अधिकार है और इस तरह के शेष को निवल आधार पर निपटाने का इरादा है।

आस्थगित कर संपत्तियों और देनदारियों की माप उन कर परिणामों को दर्शाती है, जो उस तरीके का पालन करेगी जिस तरीके से कंपनी, रिपोर्ट अधीन अवधि के अंत में, अपनी आस्तियों और देनदारियों की अग्रनीत राशि पुनः प्राप्त करने या निपटान करने की अपेक्षा करता है।

आस्थगित कर की परिसंपत्तियों में भारत मे कर कानूनों के अनुसरण में संदत्त न्यूनतम वैकल्पिक कर (मैट) शामिल है जिससे आयकर की भावी देयता के विरुद्ध प्रतितुलन की उपलब्धता के रूप में भावी आर्थिक लाभ प्राप्त होने की संभावना होती है। तदनुसार, तुलन पत्र में मैट को आस्थगित कर की आस्ति के रूप में उस समय अभिज्ञात किया गया है, जब आस्ति को विश्वसनीय ढंग से मापा जा सकता है तथा इस बात की संभावना होती है कि आस्ति से संबद्ध भावी आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

(iii) वर्ष का वर्तमान तथा आस्थगित कर व्यय

वर्तमान तथा आस्थगित कर व्यय को लाभ और हानि के विवरण में मान्यता दी जाती है, सिवाय जब वे ऐसी मदों से संबंधित हों जिन्हें अन्य व्यापक आय या सीधे इक्विटी में मान्यता दी गई हो, उस मामले में, वर्तमान और आस्थगित कर को क्रमशः अन्य व्यापक आय या सीधे इक्विटी में मान्यता प्रदान की जाती है।

3.19 उधार लागतें

अधिग्रहण के लिए विशेष रूप से पहचान की गई अथवा विशेषक परिसम्पत्तियों के निर्माण से संबंधित उधार लागतों को इस प्रकार की परिसम्पत्तियों के भाग के रूप में पूंजीकृत किया जाता है। विशेष अर्हक परिसम्पत्ति वह है जो अभिप्रेत उपयोग के लिए तैयार होने में काफी समय लेती है। सभी अन्य उधार लागतों को स्टैंड अलोन लाभ तथा हानि लेखों में प्रभारित किया जाता है।

3.20 असमान्य रिग दिवस लागतें

असामान्य रिग दिवस लागतों को गैर–आबंटन योग्य के रूप मे ंमाना जाता है तथा इन्हें लाभ एवं हानि के विवरण में प्रभारित किया जाता है।

3.21 प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक आस्तियां

प्रावधानों को तब मान्यता दी जाती है जब किसी पूर्व की घटना के परिणामस्वरूप कंपनी की कोई वर्तमान बाध्यता (विधिक या तर्कसाध्य) हो और यह संभावना हो कि कंपनी द्वारा बाध्यता का निपटान अपेक्षित होगा और बाध्यता की राशि का एक विश्वसनीय अनुमान लगाया जा सकता है।

प्रावधान के रूप में मान्यता दी गई राशि बाध्यता से जुड़े जोखिमों तथा अनिश्चित्ताओं को ध्यान में रखते हुए रिपोर्टिंग अवधि के अंत में वर्तमान बाध्यता के निपटान हेतु अपेक्षित मूल्य का श्रेष्ठ अनुमान होता है। जब किसी प्रावधान का मापन वर्तमान बाध्यता के निपटान के लिए अनुमानित नकदी प्रवाहों का उपयोग करके किया जाता है, तो इसकी अग्रनीत राशि उन नकदी प्रवाहों का वर्तमान मूल्य होता है (जब राशि के समय मूल्य का प्रभाव महत्वपूर्ण हो)।

आकस्मिक परिसंपत्तियों को स्टैंड अलोन वित्तीय विवरणों में लेखे की टिप्पणियों के रूप में प्रकट किया जाता है जब आर्थिक लाभों का अंतरवाह संभाव्य हो।

आकस्मिक देयताओं को वित्तीय विवरणों में लेखे की टिप्पणियों के रूप में प्रकट किया जाता है, यदि आर्थिक लाभ अंतर्ग्रस्त होने वाले संसाधनों के बहिर्प्रवाह बहुत कम हो।

3.22 वित्तीय विलेख

वित्तीय परिसंपत्तियों तथा वित्तीय देयताओं को मान्यता, कंपनी के विलेख के संविदात्मक प्रावधानों का पक्षकार बनने पर की जाती है।

वित्तीय परिसंपत्तियों तथा वित्तीय देयताओं का मापन प्रारंभ में उचित मूल्य पर किया जाता है। लेन–देन लागतें जो प्रत्यक्ष रूप से अधिग्रहण अथवा वित्तीय परिसंपत्तियों (लाभ अथवा हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय परिसंपत्तियों तथा वित्तीय देयताओं को छोड़कर) के अधिग्रहण या निर्गम पर सीधे आरोप्य होते हैं, को प्रारंभिक मान्यता पर, यथा उपयुक्त, वित्तीय परिसंपत्तियों अथवा वित्तीय देनदारियों के उचित मूल्य में जोड़ा जाता है या घटाया जाता है। लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय परिसंपत्तियों या वित्तीय देयताओं के अधिग्रहण को सीधे आरोप्य संव्यवहार लागतों को स्टैंड अलोन लाभ एवं हानि विवरण में तत्काल मान्यता प्रदान की जाती है।

3.23 वित्तीय परिसंपत्तियां

(i) नकदी तथा नकदी समतुल्य

कंपनी सभी अत्यधिक नकदी वाले वित्तीय विलेखों, जो नकदी की ज्ञात मात्रा में तत्काल परिवर्तनीय होते हैं, जो मूल्य में परिवर्तन के अत्यल्प जोखिमों के अधीन होते हैं तथा जिनकी मूल परिपक्वता क्रय तिथि से तीन माह अथवा कम समय की होती है, को नकदी समतुल्य मानती है। नकदी तथा नकदी समतुल्य में बैंकों में शेष राशि आती है जो आहरण तथा उपयोग हेतु अप्रतिबंधित होते हैं, जब तक अन्यथा कथित न हो।

(ii) परिशोधित लागत पर वित्तीय आस्तियां

वित्तीय परिसंपत्तियों का मापन बाद में परिशोधित लागत पर प्रभावी ब्याज पद्धति का उपयोग करके किया जाता है यदि ये वित्तीय आस्तियां उसी व्यापार में धारित है जिसका उद्देश्य संविदात्मक नकदी प्रवाहों को एकत्र करना है और वित्तीय परिसंपत्ति की संविदात्मक शर्तें निर्दिष्ट तिथियों पर ऐसे नकदी प्रवाहों को उत्पन्न करती हैं जो पूर्णतः मूलधन तथा मूलधन की बकाया राशि पर ब्याज का भुगतान है।

(iii) अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय आस्तियां

वित्तीय परिसंपत्तियों का मापन उचित मूल्य पर अन्य व्यापक आय के माध्यम से किया जाता है यदि ये वित्तीय आस्तियां उसी व्यापार में धारित है जिसका उद्देश्य संविदात्मक नकदी प्रवाहों को एकत्र करना है और वित्तीय परिसंपत्तियों की बिक्री करना है तथा वित्तीय परिसंपत्ति की संविदात्मक शर्तें निर्दिष्ट तिथियों पर ऐसे नकदी प्रवाहों को उत्पन्न करती हैं जो पूर्णतः मूलधन तथा मूलधन की बकाया राशि पर ब्याज का भुगतान है।

(iv) लाभ अथवा हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय परिसंपत्ति

वित्तीय परिसंपत्तियों को लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर मापा जाता है जब तक कि इसका मापन परिशोधित लागत पर या उचित मूल्य पर प्राारंभिक मान्यता पर अन्य व्यापक आय के माध्यम से न किया जाए।

(अ) वित्तीय परिसंपत्तियों को विमान्य करना

कंपनी किसी वित्तीय परिसंपत्ति को तब विमान्य करती है जब परिसंपत्ति से नकदी प्रवाह के संविदात्मक अधिकार समाप्त हो जाए, अथवा जब यह वित्तीय परिसंपत्ति को और व्यापक रूप से परिसंपत्ति के स्वामित्व के सभी जोखिमों तथा प्रतिफल को किसी अन्य पक्ष को अंतरित कर दे।

किसी वित्तीय परिसंपत्ति को पूर्ण रूप से विमान्य किए जाने पर (सिवाय अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य के रूप में निर्दिष्ट इक्विटी विलेखो (एफवीटीओसीआई) के लिए, परिसंपत्ति की अग्रनीत राशि और प्राप्त और प्राप्य के योग के बीच अंतर को स्टैंड अलोन लाभ एवं हानि विवरण में दर्शाया जाता है।

(vii) लाभांश और ब्याज

निवेशों से लाभांश आय को तब मान्यता दी जाती है जब शेयरधारकों का भुगतान प्राप्त करने के अधिकार की पुष्टि हो जाती है।

वित्तीय आस्तियों से ब्याज आय को प्रारंभिक मान्यता पर लागू प्रभावी ब्याज दर पर मान्यता दी जाती है। विलंबित प्राप्ति पर ब्याज के संबंध में राजस्व को तब मान्यता दी जाती है जब अंतिम वसूली के संबंध में तर्कसंगत निश्चितता हो।

3.24 वित्तीय देयताएं और इक्विटी विलेख

(क) कर्ज अथवा इक्विटी लिखतों के रूप में वर्गीकरण

कंपनी द्वारा निर्गत कर्ज और इक्विटी विलेखों को संविदात्मक व्यवस्थाओं के सार और वित्तीय देयताओं और किसी इक्विटी विलेख की परिभाषाओं के अनुसार या तो वित्तीय देयताओं के रूप में या इक्विटी के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

(ख) इक्विटी विलेख

एक इक्विटी विलेख किसी ऐसी संविदा को कहते हैं जिसमें किसी कंपनी की परिसंपत्तियों में से इसकी सभी देयताओं की कटौती करने के पश्चात् अवशिष्ट हित का साक्ष्य होता है। कंपनी द्वारा जारी इक्विटी लिखतों को प्राप्त राशि पर मान्यता दी जाती है। नये साधारण इक्विटी शेयरों के निर्गम पर प्रत्यक्ष रूप से आरोप्य वृद्धिशील लागतों को कर प्रभावों के निवल इक्विटी से एक कटौती के रूप में दर्शाया जाता है।

ग) वित्तीय देयताएं

वित्तीय देयताओं का मापन प्रभावी ब्याज पद्धति का उपयोग करते हुए परिशोधित मूल्य पर किया जाता है।

नियंत्रक कंपनी द्वारा प्रदत्त ब्याज मुक्त ऋणों को संवितरण की तिथि को उचित मूल्य पर दर्शाया जाता है और उचित मूल्य निर्धारण के अंतर को नियंत्रक कंपनी से स्वीकृत पूंजी योगदान के रूप में मान्य होता है। नियंत्रक कंपनी से प्राप्त मान्य पूंजीगत योगदान को इक्विटी परिवर्तन विवरण में प्रस्तुत किया जाता है।

देयता घटक को प्रभावी ब्याज दर का प्रयोग करते हुए परिशोधित लागत पद्धति पर लेखांकित किया जाता है। यदि ऋण का पहले पुनर्भुगतान हो जाता है तो पहले मान्य नियंत्रक कंपनी से मान्य पूंजीगत योगदान की अनुपातिक राशि को समायोजित किया जाता है।

(घ) वित्तीय देयताओं की विमान्यता

कंपनी केवल और केवल अपने दायित्वों के निपटान, निरस्त या समाप्त होने पर ही वित्तीय देयताओं को विमान्य करती है। विमान्य की गई वित्तीय देयता के वहन मूल्य और प्राप्त तथा प्राप्य प्रतिफल की राशि के रूप में मान्यता प्राप्त अंतर को लाभ एवं हानि के स्टैंड अलोन विवरण में मान्यता दी जाती है।

3..25 प्रति शेयर अर्जन

प्रति शेयर आधारभूत अर्जनों की गणना कर पश्चात निवल लाभ को उस अवधि के दौरान बकाया इक्विटी शेयरों की

भारित औसत संख्या द्वारा भाग देकर की जाती है। प्रति शेयर तनुकरण अर्जन की गणना कर पश्चात लाभ को आधारभूत अर्जन प्रति शेयर निकालने के लिए लिए गए इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या और सभी कम किए गए संभाव्य इक्विटी शेयरों के परिवर्तन पर जारी की जा सकने वाली इक्विटी शेयरों की भारित औसत सख्या को भी भाग देकर की जाती है।

3.26 नकदी प्रवाह विवरण

नकदी प्रवाहों को अप्रत्यक्ष पद्धति का उपयोग करके सूचित किया जाता है जिसके द्वारा वर्ष हेतु लाभ को किसी गैर–नकदी प्रकृति के संव्यवहारों, पूर्व या भविष्य की प्रचालन नकदी प्राप्तियों या भुगतानों के विलंबन अथवा प्रोद्भवन और नकदी प्रवाहों के निवेश या वित्त–पोषण से संबद्ध आय या व्यय की मद हेतु समायोजित किया जाताहै। नकदी प्रवाह को प्रचालन, निवेश तथा वित्त पोषण क्रियाकलापों में पृथक किया जाता है।

निवेश और वित्तपोषण लेनदेन जिनके लिए नकद और नकद समतुल्य की आवश्यता नहीं होती है, को नकद प्रवाहों से बाहर रखा जाएगा। ऐसे लेनदेन को वित्तीय विवरणों में कहीं और इस प्रकार से प्रकटन किया जाएगा ताकि वह ऐसे निवेशों और वित्तपोषण गतिविधियों के बारे में प्रासंगिक सूचना प्रदान करे।

3.27 खंड प्रतिवेदन

प्रचालन खंडों की उस खंड को आवंटित किए जाने वाले संसाधनों के बारे में निर्णय करने के लिए और इसके प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए विभिन्न जोखिमों और प्रतिफलों, आंतरिक प्रतिवेदन प्रणालियों और उस आधार पर जिस पर प्रचालन के परिणामों की नियमित रूप से समीक्षा की जाती है, की पहचान की जाती है और संसूचित किया जाता है।

4. महत्वपूर्ण लेखांकन निर्णय, मान्यताएं और अनिश्चित्ता के अनुमानन के प्रमुख स्रोत

वित्तीय विवरणों को तैयार करने में प्रयुक्त कई लेखांकन नीतियों के उपयोग में निर्णय लेने, अनुमान तथा मान्यताओं को लेने की प्रबंधन की आवश्यकताएं अंतर्निहित हैं जो परिसंपत्तियों तथा देयताओं की सूचित राशि, आकस्मिक परिसंपत्तियों तथा देयताओं के प्रकटीकरण और राजस्व तथा व्यय की सूचित राशियों को प्रभावित करते हैं। वास्तविक परिणाम प्रयुक्त अनुमानों तथा मान्यताओं से भिन्न हो सकते हैं।

अनुमानों तथा निहित मान्यताओं की समीक्षा सतत् आधार पर की जाती है। लेखांकन मानकों में संशोधनों को उस अवधि में मान्यता दी जाती है जिनमें अनुमान संशोधित होते हैं तथा भविष्य की अवधियां प्रभावित होती हैं।

वित्तीय विवरणों को तैयार करने में निर्णय, मान्यताओं तथा अनुमानन अनिश्चित्ता के प्रमुख स्रोत जो अगले वित्तीय वर्ष के भीतर परिसंपत्तियों तथा देयताओं की अग्रनीत राशि में कोई महत्वपूर्ण समायोजन कर सकते हैं, वे कार्यात्मक मुद्रा, तेल तथा गैस भंडारों, क्षति, संपत्ति, संयंत्र तथा उपकरण के उपयोगी जीवनकाल, तेल तथा गैस परिसंपत्तियों के निःशेषण, मौजूदा न किए जाने के प्रावधान, कर्मचारी लाभ बाध्यताओं, प्रावधान, आयकर हेतु प्रावधान, आस्थगित कर परिसंपत्तियों और आकस्मिक परिसंपत्तियों तथा देयताओं के मापन से संबंधित हो सकते हैं।

कोविड – 19 से वैश्विक स्वास्थ्य महामारी से संबंधित अनि ितताओं का आकलन

कंपनी ने संभावित प्रभावों पर विचार किया है जो प्राप्तियों की वहन राशि पर कोविड–19 से संबंधित महामारी से उत्पन्न हो सकता है। इस महामारी के कारण वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों में संभावित भविष्य की अनिश्चितताओं से संबंधित मान्यताओं को विकसित करने में, क्योंकि इन वित्तीय विवरणों के अनुमोदन की तिथि में क्रेडिट रिपोर्ट और संबंधित जानकारी, आर्थिक पूर्वानुमान सहित सूचना के आंतरिक और बाहरी स्रोतों का उपयोग किया गया है। कंपनी के वित्तीय विवरणों पर कोविड–19 का प्रभाव इन वित्तीय विवरणों के अनुमोदन की तिथि के अनुसार से भिन्न हो सकता है।

4.1 लेखांकन नीतियों को लागू करने में महत्वपूर्ण निर्णय

उन अनुमानों (टिप्पणी 4.2 देखें) को शामिल करने के अलावा प्रबंधन द्वारा कंपनी की लेखांकन नीतियों को लागू करने की प्रक्रिया मे निम्नलिखित प्रमुख निर्णय लिए गए हैं और जिनका वित्तीय विवरणों में दर्शाए गयी राशियों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है।

(क) व्यावहारिक मुद्रा का निर्धारण

कंपनी के प्राथमिक आर्थिक परिवेश, जिसमें कंपनी प्रचालन करती है, की मुद्रा ('व्यावहारिक मुद्रा') अमेरिकी डॉलर (यूएसडी) है, जिसमे कंपनी मुख्य रूप से नकदी का सृजन और व्यय करती है। तदनुसार, प्रबंधन ने अपनी व्यावहारिक मुद्रा अमेरिकी डॉलर निर्धारित किया है।

(ख) तेल तथा गैस परिसंपतियों में क्षरण के संकेतकों का मूल्यांकन

परिसंपत्तियों की क्षति के संकेतकों की प्रयोजनीयता के मूल्यांकन में बाहरी कारकों (परिसंपत्ति के मूल्य में भारी कमी, प्रौद्योगिकीय, बाजार, आर्थिक या विधिक परिवेश, बाजार ब्याज दरों में बड़े परिवर्तन आदि) और आंतरिक कारकों (किसी परिसंपत्ति का अप्रचलित होना या उसमें भौतिक क्षति, परिसंपत्ति का खराब आर्थिक निष्पादन आदि) का आकलन अपेक्षित होता है जो तेल तथा गैस परिसंपत्तियों की प्राप्ति योग्य मात्रा में बड़े परिवर्तनों में परिणत हो सकते हो।

(ग) अन्वेषणात्मक कूप

यह निर्धारण कि क्या किसी अन्वेषण कुएं द्वारा खोज किए गए संभाव्य आर्थिक तेल तथा प्राकृतिक गैस भंडार आमतौर पर कूप पूर्णता के पहले वर्ष में हो जाते हैं, पर इसमें भू–वैज्ञानिक ढांचे की जटिलता पर निर्भर करते हुए अधिक समय भी लग सकता है। तेल तथा प्राकृतिक गैस की संभाव्य आर्थिक मात्राओं की खोज करने वाले अन्वेषण कुएं तथा ऐसे क्षेत्रों में जहां उत्पादन को प्रारंभ करने से पूर्व प्रमुख पूंजीगत व्यय (जैसे कि कोई अपतटीय प्लेटफार्म अथवा पाइपलाइन), की आवश्यकता होगी, अथवा जहां प्रमुख पूंजीगत व्यय की आर्थिक व्यवहार्यता उस क्षेत्र में और अन्वेषण कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करने पर निर्भर करती हो, स्टैंड अलोन तुलन–पत्र में तब तक पूंजीकृत रहती है जब तक कि अतिरिक्त अन्वेषण या मूल्यांकन कार्य जारी हो अथवा उसकी ठोस आयोजना बनाई गई हो।

कई वर्षों तक तुलन–पत्र में अन्वेषण कुओं तथा अन्वेषणात्मक प्रकार के स्ट्रेटीग्राफिक जांच कुओं का स्थगित रहना असमान्य नहीं है जबकि संभाव्य तेल तथा प्राकृतिक गैस फील्डों में अतिरिक्त मूल्यांकन ड्रिलिंग और भूकंपीय कार्य को निष्पादित किया जाता है अथवा ईष्टतम विकास योजनाओं तथा समय सारणी को स्थापित किया जा रहा होता है। ऐसी सभी वहन की जा सकने वाली लागतें कम से कम वार्षिक आधार पर नियमित तकनीकी, वाणिज्यिक तथा प्रबंधन समीक्षा के अधीन है ताकि खोज को विकसित करने या अन्यथा उससे मूल्य के निष्कर्षण हेतु सतत् मंशा की पुष्टि की जा सके। जहां ऐसा मामला न हो, लागतों को तत्काल व्यय के रूप में दिखाया जाता है।

4.2 अनिश्चित्ता आकलन की मान्यताएं और प्रमुख स्रोत

वे आकलन और पूर्वानुमान जिनका परिसंपत्तियों, देयताओं, आय तथा व्यय की मान्यता तथा मापन पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है, नीचे दिए गए हैं। वास्तविक परिणाम इन अनुमानों से भिन्न हो सकते हैं।

(क) डिकमिशनिंग हेतु प्रावधान का आकलन

कंपनी तेल एवं गैस परिसंपत्तियों के आर्थिक कार्यकाल के अंत में उनकी भावी डिकमिशनिंग हेतु इंड एएस 37 प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक आस्तियां' के सिद्धांतों के अनुसार डिकमिशनिंग के लिए प्रावधान का आकलन करता है। डिकमिशनिंग की इन गतिविधियों में से अधिकांश गतिविधियां भविष्य में होंगी, सटीक आवश्यकताओं को हटाने के समय पूरी करनी पड़ सकती है, में अनिश्चितता शामिल है। डिकमिशनिंग के लिए प्रौद्योगिकी एवं लागत में निरंतर परिवर्तन होते रहते हैं। भावी नकदी प्रवाहों की राशि एवं समय महत्वपूर्ण अनिश्चितता के अधीन होते हैं।

